''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 79 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शुक्रवार, 21 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# जनता ने चुनाव में कांग्रेस के आगे लगाया फुल स्टॉप : मुख्यमंत्री

## गत 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश गति से आगे बढ़ा है : नायब सिंह सैनी

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वे आगामी 27 तारीख को सदन के पटल पर बजट पर अपनी रिप्लाई देंगे और विपक्ष द्वारा बजट को लेकर पूछे गए एक-एक प्रश्न का जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य उस दिन सदन में बैठकर उनका वक्तव्य अवश्य सुने।

मुख्यमंत्री आज बजट सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा वित्त वर्ष 2025 -26 के लिए पेश किये गए बजट को लेकर सदन को गुमराह करने का प्रयास अशोभनीय है। प्रदेश सरकार द्वारा बकाया ऋण आज भी निर्धारित सीमा के 6.67 प्रतिशत है और यह प्रतिशतता वर्ष 2014-15 में भी 6.67 थी।

कांग्रेस द्वारा सदन में नॉन स्टॉप सरकार को फुल स्टॉप कहने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने निकाय चुनाव में कांग्रेस के आगे फुल स्टॉप लगा दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन गुना गति से विकास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश गति से आगे बढ़ा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लड़कियों के लिए 20 किलोमीटर की दूरी पर कॉलेज स्थापित किया गया है, वर्तमान अस्पतालों की क्षमता डबल की गई है। इसके अतिरिक्त, हर घर में नल और स्वच्छ जल का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में दो-दो किलोमीटर तक महिलाएं सिर पर पानी लेकर आती थी। डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प लिया और इससे महिलाओं को निजात दिलाई। आज प्रदेश में हर घर में नल से स्वच्छ जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने के संकल्प के तहत वर्तमान में लगभग 5600 गांव में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है हरियाणा इसमें पीछे नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री के संकल्प को कंधे से कंधा मिलाकर पूरा करेगा। पंजाब में शंभू और खनौरी बॉर्डर खुलने के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के किसान वहां बैठे थे। केंद्र भी किसानों के साथ उनकी मांगों पर निरंतर वार्ता कर रहा है और इसके लिए आगे भी समय दिया है। लोग भी परेशान नहीं होने चाहिए। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव में मेयर और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।




# अब नकली कीटनाशक बेचने वालों की खैर नहीं

## किसान हितों की रक्षा के लिए सरकार लाई विधानसभा में बिल

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नकली और गलत ब्रांड के कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार कड़ा कानून बनाने जा रही है। आज विधानसभा में हरियाणा सरकार ने पुराने कीटनाशक अधिनियम में संशोधन करके पहले से ज्यादा सज़ा और जुर्माने का प्रावधान करते हुए बिल पास किया है। इसके बाद राज्यपाल की स्वीकृति और अधिसूचना के बाद यह कानून का रूप ले लेगा।

सर्वप्रथम कीटनाशक से संबंधित अधिनियम भारत सरकार द्वारा वर्ष 1968 में बनाया गया था। भारत सरकार द्वारा पारित कीटनाशक अधिनियम, 1968 का उद्देश्य कीटनाशकों के निर्माण, बिक्री, आयात, परिवहन, वितरण और उपयोग को विनियमित करना है, ताकि मिट्टी, मनुष्य और पशुओं को किसी भी प्रकार के जोखिम से बचाया जा सके। यह अधिनियम 2 सितंबर 1968 को पूरे भारत में लागू किया गया था।

संशोधन की आवश्यकता क्यों पड़ी

उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत पाया गया कि नकली और गलत ब्रांड के कीटनाशकों का उत्पादन व बिक्री बड़ी चुनौती है। मौजूदा कानून के अंतर्गत सज़ा के प्रावधान नरम होने के कारण दोषी व्यक्तियों को पर्याप्त भय नहीं है, जिससे किसान इन नकली कीटनाशक बेचने व बनाने वालों के शिकार हो रहे हैं। इसके कारण कृषि उत्पादन लागत बढ़ रही है, फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है और पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुँच रहा है।

इन्ही कारणों को देखते हुए प्रदेश के किसानों के हित में हरियाणा सरकार ने नकली/गलत कीटनाशक के विक्रय को रोकने के लिए पुराने कानून में संशोधन करना उचित समझा है। इस प्रयोजन के लिए कीटनाशी अधिनियम, 1968 हरियाणा राज्यार्थ की धारा 29 की उपधारा (1) के उपखण्ड (द्व) तथा



(द्वद्व) प्रतिस्थापित किया गया है।

पुराने अधिनियम के अनुसार पहली बार अपराध करने पर अधिकतम दो वर्ष कारावास, न्यूनतम 10,000 रुपये से अधिकतम 50,000 रुपये जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। दूसरी बार या बाद के अपराध में दोषी को अधिकतम तीन वर्ष कारावास, न्यूनतम 15,000 रुपये से अधिकतम 75,000 रुपये जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

अब क्या सज़ा होगी

लेकिन हरियाणा सरकार ने संशोधन में जो प्रस्तावित किया है उसके अनुसार पहली बार अपराध करने पर दोषी को न्यूनतम छह महीने से अधिकतम दो वर्ष कारावास, न्यूनतम एक लाख से अधिकतम तीन लाख रुपये जुर्माना होगा। दूसरी बार या बाद के अपराध में दोषी को न्यूनतम एक वर्ष से अधिकतम तीन वर्ष कारावास, न्यूनतम तीन लाख से अधिकतम पाँच लाख रुपये जुर्माना का प्रस्ताव किया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के अनुसार कीटनाशक अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य सख्त प्रावधानों के माध्यम से नकली और गलत ब्रांड के कीटनाशकों के निर्माण, बिक्री एवं वितरण को नियंत्रित करना है।

# पृथला के विधायक रघुबीर तेवतिया ने विधानसभा-सत्र में उठाई पृथला क्षेत्र की आवाज

## पृथला के फिरोजपुर गांव से हटाया जाए डंपिंग यार्ड, 30 गावों की टूटी सडकों का हो नव-निर्माण

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला के कांग्रेस विधायक रघुबीर तेवतिया ने आज गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के बजट-सत्र के दौरान पृथला क्षेत्र की जनहित से जुडी समस्याओं को बुलंद आवाज में उठाया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से जहां नगर परिषद पलवल द्वारा पृथला विधानसभा के गांव फिरोजपुर में बनाए गए डंपिंग यार्ड को हटाए जाने का मुद्दा उठाया वहीं उन्होंने पृथला क्षेत्र के 30 गावों की बदहाल सडकों को भी बनाए जाने की मांग प्रमुखता से रखी।

विधायक रघुबीर तेवतिया ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि नेशनल हाईवे-19 पर पडने वाला गांव फिरोजपुर पृथला विधानसभा क्षेत्र में लगता है और इस गांव में नगर परिषद पलवल ने डंपिंग यार्ड बनाकर पलवल शहर का कचरा डाला जाता है जिससी बदबू से यहां के लोग काफी परेशानियों से गुजर रहे हैं। इस डंपिंग यार्ड को हटाए जाने की मांग को लेकर



ग्रामीण कई बार पंचायत कर विरोध भपी जता चुके हैं, इस डंपिंग यार्ड को यहां से स्थानांतरित कर पलवल क्षेत्र के किसी ऐसे गांव में बनाया जाए जो गांव से पांच किलोमीटर दूर रहे जिससे कि ग्रामीणों को बदबू का शिकार न होना पडे। उन्होंने कहा कि यहां इतनी गंदी बदबू है कि लोगों में बिमारियां भी फैल रही हैं।

विधायक तेवतिया ने इसके अलावा पृथला क्षेत्र की 30 गावों की टूटी सडकों का मुद्दा उठाते हुए जनाली से फिरोजपुर फाटक, भनकपुर से कबूलपुर, मोहला से भनकपुर, समयपुर से सरूरपुर, लदियापुर से फिरोजपुर कलां, कबूलपुर बांगर से लदियापुर, नवादा तिगांव से मछगर, सोतई से शाहपुर कलां, बहबलपुर से सोतई, शाहपुर कलां से लढौली, प्रहलादपुर से मांदकौल, अटाली से नरहावली, नरहावली से नरियाला, गोपीखेडा से घाघौट, कटेसरा से कुरारा साहपुर, नंगला भीखू से दूधौला-सिकंदरपुर, बागपुर से पंचायती झुगगी छांयसा, नरियाला से महमदपुर, सहराला से मोहना, दूधौला से पृथला, अटाली से गडखेडा, अटाली से मोटूका, छांयसा से छांयसा प्राचीन मंदिर, मोहना बस स्अेंड से मोहना, कबूलपुर से भनकुपर, छांयसा से नरियाला, मांदकौल से प्रहलादपुर, छांयसा से शाहजहांपुर व साहपुर खादर से दल्हुपर गांव तक जाने वाली सभी सडकें टूटी व जर्जर हालत में हैं इसलिए उपरोक्त सभी सडकों को अविलंब बनाया जाए जिससे कि क्षेत्र के लोगों को एक गांव से दूसरे गांव जाने में सुविधा हो सके।

विधायक रघुबीर तेवतिया ने इसके अलावा शिक्षा का मुद्दा उठाते हुए क्षेत्र के गांव अलावलपुर में सरकारी कॉलेज खोलने की मांग भी रखी। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्या शहरों में ही बच्चों को उच्च शिक्षा दी जाएगी गावों में नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार एक और तो गावों में सरकारी कॉलेज खालने की बात कहती है दूसरी तरफ पृथला क्षेत्र के 104 गावों में कोई भी सरकारी कॉलेज नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अलावलपुर में सरकारी स्कीम के तहत कोई अडचन आती है तो आसपास के किसी अन्य गांव में सरकारी कॉलेज खोला जाए।

विधायक तेवतिया ने कहा कि उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र के लिए उनके द्वारा उठाई गई यह मांगें जनता से सीधी जुडी हुई हैं। वह सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा किया जाए। ताकि क्षेत्र का विकास हो सके और जनता को राहत मिल सके।

# भाजपा एकमात्र पार्टी जिसमें कार्यकर्ता को मिलता है पूरा मान सम्मान : कृष्णपाल गुर्जर

## पंकज रामपाल ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का लिया आशीर्वाद

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए पंकज रामपाल का जिला अध्यक्ष निर्वाचित होना बड़े सम्मान एवं सौभाग्य की बात हैं। पंकज रामपाल ने हमेशा से एक कार्यकर्त्ता के रूप में पार्टी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका अदा की है। इससे ज्यादा अच्छी बात कोई हो नहीं सकती कि पार्टी संगठन ने एक समर्पित कार्यकर्ता को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य पूंजी हैं और पार्टी के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्त्ता को पूरा मान सम्मान मिलता हैं और एक बूथ का कार्यकर्ता भी पार्टी संगठन में शीर्ष दायित्व पर जा सकता है । पंकज रामपाल पार्टी संगठन के एक कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और अपनी मेहनत और सामर्थ्य के दम पर भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष बने हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है पंकज रामपाल जिला अध्यक्ष के रूप में सबको साथ लेकर चलेंगे और अपनी सहजता और निष्ठा व सरलता से पार्टी संगठन को और मज़बूत करेंगे। पार्टी पंकज रामपाल के नेतृत्व में और अधिक बुलंदियों पर पहुंचेगी। श्री गुर्जर ने कहा कि मुझ समेत पार्टी के सभी कार्यकर्त्ता पंकज रामपाल के नेतृत्व में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन के कार्यों का निर्वहन करेंगे और पार्टी संगठन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने पंकज रामपाल का मुंह मीठा कराकर नव दायित्व की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की । फरीदाबाद के जिला



अध्यक्ष पंकज रामपाल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के दिल्ली सथित निवास पर पहुंचकर उनके मुलाकात की और अपनी नियुक्ति पर उनका मुंह मीठा कराते हुए आभार जताया और आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा, दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार, मनीष गोसाईं, प्रहलाद शर्मा उपस्थित रहे । जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर जताया है, मैं जिला अध्यक्ष के इस दायित्व को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाऊंगा। फरीदाबाद जिले में भाजपा की विचारधारा और संगठन को मजबूत करना मेरा पहला संकल्प है। भाजपा सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र निर्माण और विकास के लिए समर्पित है। श्री रामपाल ने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने और केंद्र व राज्य सरकार की उपलबधियों को जनता तक ले जाने का काम तेजी से किया जाएगा और पार्टी संगठन को मजबूत करके मेहनती व कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन से जोडने.का काम करेंगे। श्री रामपाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश नेतृत्व, शीर्ष नेतृत्व और अपने जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# विधानसभा में वरिष्ठ मंत्री अनिल विज का सदन के सदस्य हुड्डा को कड़ा जवाब

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के श्रम, परिवहन एवं ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री हुड्डा के बयानों का कड़ा जवाब दिया। हरियाणा विधानसभा में आज बजट सत्र के दौरान बहस तब शुरू हुई जब श्री हुड्डा ने राज्य सरकार की कर्ज और खर्चों को कम करने की नीतियों पर सवाल उठाए। श्री अनिल विज ने कहा, हुड्डा साहब कर्ज कम करने और खर्चों में कटौती की बात तो करते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं करते कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन या किसी अन्य सेवा में कहां-कहां खर्च कम किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल विषय उठाने से बात नहीं बनती, इसके लिए ठोस सुझाव और समाधान भी बताना जरूरी है। सदन मे बोलने को लेकर श्री विज ने जवाब दिया, मुझे जनता ने चुना है और मुझे बोलने का पूरा अधिकार है। इसके अतिरिक्त, सदन में हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक का प्रस्ताव भी पेश हुआ। इस पर श्री अनिल विज ने कहा, हम इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि स्पोर्ट्स पर्सन को वाइस चांसलर बनाया जाए, ताकि खेलकूद के क्षेत्र को सही दिशा मिल सके। वह कांग्रेस विधायक श्री बी.बी. बत्रा के उस सुझाव का जवाब दे रहे थे, जिसमें बत्रा ने स्पोर्ट्स पर्सन को वाइस चांसलर बनाने की बात कही थी।



### मेयर पर भारी पड़े पार्षद नगर

# निगम के बजट में करोड़ों रुपए की होगी कटौती, 24 मार्च को बैठक में लगेगी मुहर

**लखनऊ।** नगर निगम के 2025- 26 के बजट में कटौती की जाएगी। पार्षद निधि भी बढ़ाई जाएगी। पार्षदों की नाराजगी के बाद मेयर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी दिल्ली में रक्षा मंत्री से मिले थे। राजनाथ सिंह के सख्त निर्देश से विवाद अब समाधान की तरफ है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मामले में मध्यस्थता कर रहे हैं। साफ-सफाई के बजट और पार्षद निधि बढ़ाने को लेकर शुरू हुए विवाद में भाजपा के पार्षद अपनी ही पार्टी की मेयर के खिलाफ हो गए थे। इसके चलते पार्टी के नेता दो गुटों में बंट रहे थे। पार्टी की छवि धूमिल होने और अपनी ही सरकार के विरोध करने से गलत मैसेज जाने से संगठन के शीर्ष नेता नाराज हुए। तुरंत मामले का समाधान करने का निर्देश दिया गया।स्मार्ट सिटी की बैठक में समाधान की तरफ बढ़ी बातलखनऊ में नगर निगम में पार्षदों और महापौर के बीच में चल रही खींचतान को लेकर दो दिनों से लगातार मैराथन बैठक



की गई। इस दौरान बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, PRO राघवेंद्र शुक्ला, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ में बागी पार्षदों का नेतृत्व कर रहे नेता भी शामिल हुए। इसके साथ ही कुछ पार्षद महापौर की तरफ से भी बैठक में शामिल रहे। नगर आयुक्त, वित्त अधिकारी सहित नगर निगम के अधिकारियों की टीम भी इस दौरान मौजूद रही। वहीं, मंगलवार को भाजपा नेता और राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह के यहां लखनऊ के विधायकों, महापौर, महानगर अध्यक्ष और बागी पार्षदों की बैठक हुई। इसके बाद एक बैठक शाम के समय में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के यहां भी हुई।लखनऊ नगर निगम में 24 मार्च को बजट की कार्यकारिणी बैठक की जाएगी। इसमें भाजपा के सभी 10 पार्षद मौजूद रहेंगे। पार्टी नेताओं की तरफ से यह निर्देश जारी किया गया है। बैठक में संशोधित बजट पर मुहर लगने के बाद जल्द सदन की बैठक बुलाई जाएगी।बजट बैठक से पहले तैयार किए गए 42 अरब के बजट में करोड़ों रुपए की कटौती को लेकर सभी पक्षों में सहमति बन गई है। अब नए संशोधित बजट में 500 करोड़ रुपए तक की कटौती हो सकती है। बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में हुई बैठक में प्रस्तावित बजट को लेकर करीब 2 घंटे तक बातचीत चली।

## आलोक श्रीवास्तव बने संस्कार भारती के अध्यक्ष व वीरेश राय महामंत्री



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती तत्वाधान में स्थित बिड़ला धर्मशाला में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नई जिला कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव को अध्यक्ष व वीरेश राय को महामंत्री घोषित किया गया। बुधवार को हुई बैठक में जिला पदाधिकारियों की घोषणा संस्कार भारती के महामंत्री गोरक्ष प्रांत डॉ अनिल कुमार सिन्हा ने की। अध्यक्ष और महामंत्री के अलावे डॉ कालिंदी त्रिपाठी, डॉ सीमा गुप्ता, बिनु जिंदल, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार उपाध्यक्ष, उमेश चंद्र गुप्ता उर्फ कुन्नू कोषाध्यक्ष बनाए गए।

इस मौके पर 71 लोगों को संस्कार भारती की सदस्यता दी गई। सभी नवागत पदाधिकारियों का स्वागत पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, डा सिन्हा सहित संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर किया।

## वार्षिकोत्सव: शिक्षकों ने बच्चों को निपुण बना किया सराहनीय कार्य: बीईओ

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।**

नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 22 महंथ अवेद्यनाथ नगर डुमरी स्थित संवलीयन विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र - छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। गुरुवार को आयोजित वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय पाल नारायण तिवारी ने बच्चों और शिक्षकों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। श्री तिवारी ने कहा कि बेसिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और बेसिक के बच्चे पढ़ाई, खेल और प्रतिभा के मामले में कॉन्वेंट स्कूलों



के बच्चों से किसी मामले में कम नहीं हैं। उन्होंने विद्यालय में व्यवस्था, पढ़ाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षकों ने बच्चों को निपुण बनाने के लिए सराहनीय कार्य किया है। जब छः वर्ष का बच्चा कक्षा एक में एक हाथ से नाडा और दूसरे हाथ से नाक पकड़े रहता है ऐसे में उन्हें निपुण बनाना कठिन कार्य है। बच्चों को निपुण बनाने के लिए सभी शिक्षकों को बधाई देता हूं। विशिष्ट अतिथि नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि समित जायसवाल, सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह, प्राशिसं ब्लाक अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहीद अली ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में सफल दो मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक मनोज चतुर्वेदी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अध्यक्षता किसान नेता गोबर्द्धन गोंड और संचालन विभा गुप्ता ने किया।

इस दौरान प्राशिसं ब्लाक महामंत्री दीपेश सिंह, शिक्षक मनोज प्रजापति, अमरेंद्र नारायण सिंह, शिक्षिका किरन लता, श्रीमती रत्ना सिंह, श्रीमती शिल्पी सिंह, शिक्षामित्र पुष्पा वर्मा, द्वारिका

## अहिरौली में खड़ंजा उखाड़े जाने को लेकर वीडियो ने की जांच



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर। हाटा बिकास खण्ड के गांव अहिरौली राय में क्षेत्र पंचायत से हुए खड़ंजा को गांव के कुछ दबंगों ने खड़ंजा को उखाड़ फेका। जिसको लेकर ग्रामीण एकलाख अहमद ने लिखित शिकायत उप जिलाधिकारी कसया दी। गुरुवार को मौके पर एसडीएम के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी हाटा ने जांच की और कारवाई का भरोसा दिलाया। बता दें कि उक्त ग्राम सभा में पीच सड़क से एकलाख अहमद के मुर्गी फार्म तक 2.5 मीटर मनरेगा योजना से खड़ंजा का निर्माण कराया गया है। जिसको गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा खड़ंजा को कुछ हिस्सों को उखाड़ भेका गया है। जिसको लेकर गांव वासी एकलाख अहमद ने एसडीएम कसया को एक पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग किया था। खण्ड विकास अधिकारी हाटा ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की और कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान किया जायेगा।**

## गंगा मेला- हुरियारे ऊंट-भैंसा गाड़ी पर निकले





**कानपुर।** में गुरुवार को भी होली खेली गई। हटिया बाजार में रज्जन बाबू पार्क से गंगा मेले की शुरूआत हुई। हुरियारे भैंसा ठेला, ऊंट, घोड़ा, ट्रैक्टर ट्रॉली, थार, ठेला पर सवार होकर शहर की गलियों में निकले। उन पर रंगों की बौछार की गई। लोगों ने एक-दूसरे के कपड़े फाड़ दिए। 60 हजार लीटर रंग की व्यवस्था की गई थी। मुस्लिमों ने भी हुरियारों का माला पहनाकर स्वागत किया। पीली बिल्डिंग के गोविंदा की टोली ने बिरहाना रोड पर 30 फीट ऊंची मटकी तोड़ी। इस आयोजन में गोविंदा की 12 टोलियों ने हिस्सा लिया। पीली बिल्डिंग की टोली को मटकी फोड़ने पर 5100 रुपए का इनाम दिया गया। होली की 3 तस्वीरें-यह अकेली होली है, जो



राष्ट्रगान के बाद शुरू हुई। कानपुर की इस खास होली का इतिहास 1942 में ब्रिटिश शासन से जुड़ा है, जब कानपुर के 47 क्रांतिकारियों को जेल में बंद किया गया था। करीब 25 हजार हुरियारों ने जगह-जगह रुक कर डांस किया और होली खेली। बिरहाना रोड पर होली खेलते समय युवाओं के दो गुटों में मारपीट हुए। मारपीट के बाद एक गुट मौके से भाग गया। हालांकि, मामला शांत है। बिरहाना रोड पर 30 फीट ऊंची मटकी को पीली बिल्डिंग के गोविंदा की टोली ने तोड़ी। इस आयोजन में गोविंदा की 12 टोलियों ने हिस्सा लिया। पीली बिल्डिंग की टोली को मटकी फोड़ने पर 5100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। बिरहाना रोड पर जमकर युवाओं ने डांस किया। एक-दूसरे का कपड़ा फाड़ दिया। रंग बरसाए गए। छतों से भी महिलाओं और बच्चों ने इन पर रंग फेंके। बिरहाना रोड, कलेक्टरगंज, नयागंज, मूलगंज की चारों तरफ की गलियां कुछ इस तरह से हुरियारों से रंगी हुई नजर आ रही हैं। ड्रोन वीडियो में देख सकते हैं कि रंगों से किस तरह हुरियारे सराबोर हुए हैं। गंगा मेला जुलूस में आगे भैंसा ठेला चल रहा। इस पर रंग रखा गया है। इसके पीछे 6 ऊंट, 5 घोड़े, 8 ट्रैक्टर, 8 लोडर पर हुरियारे सवार हैं। होली मेला में कुंभ की धूम है। ये प्रयागराज है... गाने पर हुरियारों ने जमकर डांस किया। कपड़ा फाड़कर लोगों ने होली खेली।

# होली मिलन में फूलों की होली खेली और फाग गीतों पर देर रात तक थिरकते रहे लोग

### परिवारिक होली मिलन:संस्कार भारती सनातन संस्कृति को मजबूत कर रही: रजनीकांत मणि

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।**

सामाजिक, सांस्कृतिक, लोक कलाओं को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती तत्वाधान में बुद्ध स्थली स्थित बिड़ला धर्मशाला में परिवारिक होली मिलन समारोह में महिला, पुरुष और बच्चों ने फूलों की होली खेली और फाग गीतों पर देर रात तक थिरकते हुए एक दूसरे को बधाई दी।

बुधवार की शाम को आयोजित समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती और नटराज के चित्र के समक्ष पुष्प अर्चन और दीप प्रज्वलन कर किया और संस्कार भारती का ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा ने कहा कि होली मिलन, समरसता और प्रेम, बंधुत्व का प्रतीक है। फूलों की होली ब्रज क्षेत्र में प्राचीन काल से खेली जाती रही है। यह श्रीकृष्ण और राधा के दिव्य प्रेम को याद



दिलाता है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक और संस्कार भारती के संयोजक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने बताया कि संस्कार भारती सनातन संस्कृति, परम्परा, राष्ट्र प्रेम और एकता को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक, लोक कला के माध्यम से करती आ रही है और कलाकारों को व्यापक मंच दे रही है। इसी क्रम में आरएसएस के प्रो. सीएस सिंह, डॉ सीपी गुप्ता, डॉ निगम मौर्य, वीरेंद्र नाथ त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम में सुनील मिश्रा, विमल श्रीवास्तव, पिंटू, प्रीतम, साक्षी श्रीवास्तव, कली, गुनगुन, काजल ने होली गीत, लोक गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किया। राधाकृष्ण की झांकी मनोहारी रही। जिसे देख लोगों ने सराहना की। समापन वंदे मातरम के सामूहिक गान से हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्कार भारती के महामंत्री गोरक्ष प्रांत डॉ अनिल कुमार सिन्हा और आभार आलोक श्रीवास्तव व संचालन वीरेश कुमार राय ने किया। इस दौरान सभासद केशव सिंह, डॉ एसके सिंह, अशोक कुमार, उमेश कुमार गुप्ता उर्फ कुन्नू, त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### भाजपा नेता व शिक्षक राणा प्रताप मिश्र के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भाजपा नेता व विद्यावती देवी महाविद्यालय के शिक्षक राणाप्रताप मिश्र का तैंतीसवां जन्मदिन महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार राय ने कहा कि उत्सवों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण मिल सके। कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर एक पौधा रोपित करे और उसकी देखभाल करे तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन देखा जा सकता है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे इस अभियान को अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, डायरेक्टर गुड्डू राय, शिक्षक डॉ. सुनील सिंह, प्रभु प्रसाद, डॉ. मीना राय, पप्पू गुप्ता, ओम कुशवाहा, नित्यानंद सिंह, पवन वर्मा, निशा खरवार, राजेश यादव मौजूद रहे।

### खतरनाक चोट पहुंचाने के गुनाहगार को चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ नौ हजार रुपये का जुमार्ना

**संवाददाता**



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ में 9 सितम्बर 2010 में अभियुक्त ने पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही जातिसूचक लफ़्ज़ों के इस्तेमाल के साथ ही गालीगलौज करना और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दर्ज हुये अ0सं0-1669/2010 धाराझ 452,323,325,504,506 आईपीसी 3(1)10 एससीएसटी के तहत अभियुक्त मनोज पुत्र हरीसिंह लोधी निवासी अमगांव राठ के खिलाफ दर्ज किया गया था, वहीं आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की एससी,एसटी अदालत के स्कालर जज ने अभियुक्त मनोज पुत्र हरीसिंह लोधी गुनाहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ नौ हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच सीओ परमलाल वर्मा ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी,जबकि अभियोजन की तरफ से एडीजीसी विजय सिंह की जोरदार पैरवी के चलते अभियुक्त मनोज को गुनाहगार मानते हुये चार साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ नौ हजार रुपये का जुमार्ना।

### हमीरपुर की कुरारा पुलिस ने फरार चल रहे दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की कुरारा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 70/2025 धारा 110/115(2)/352/351(3) इठर के तहत फरार चल रहे थाना क्षेत्र के ग्राम डामर निवासी अभियुक्त 48 वर्षीय कमलेश पुत्र स्व० सैय्यददीन अहिरवार, जबकि 19 वर्षीय कृष्णा पुत्र कमलेश अहिरवार निवासी ग्राम डामर कुरारा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। वही अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई हरिद्वार प्रसाद, कांस्टेबल सौरभ सिह सहित कांस्टेबल जसपाल सिह शामिल रहे।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में टली सुनवाई

**सुलतानपुर।** नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में आज सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई टल गई। दीवानी न्यायालय में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब मामले में कोर्ट ने 3 अप्रैल को सुनवाई की तारीख रखी है। तीन अप्रैल को राहुल गांधी के अधिवक्ता अगले गवाह से जिरह करेंगे। पिछली सुनवाई 6 मार्च को होनी थी, लेकिन परिवादी और गवाह दोनों कोर्ट में नहीं पहुंचे थे। इस साल की शुरूआत में वकीलों की हड़ताल और राहुल के अधिवक्ता की अस्वस्थता के कारण कई बार सुनवाई टल गई। 11 फरवरी को राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने परिवादी से जिरह की। पिछली सुनवाई पर परिवादी कोर्ट परिसर में तो मौजूद थे, लेकिन कोर्ट रूम में नहीं गए।कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मान हानि का परिवाद टढ/टछअ कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। 26 जुलाई को दर्ज हुआ था राहुल गांधी का बयान वशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। दर्जन भर तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया, कहा था मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट में वादी को साक्षय प्रस्तुत करने के निर्देश हुए।



12 अगस्त को सुनवाई की तिथि थी, जहां विशेष कोर्ट के जज अवकाश पर रहे और सुनवाई टल गई।

## संपादकीय

# भारत-चीन संबंध

भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है। अच्छे और बेहतर पड़ोसी होने के नाते चीन का इस पर खुश होना स्वाभाविक था। चीन की ओर से आई प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह कहना कि चीनी ड्रैगन और भारतीय हाथी के सामंजस्यपूर्ण नृत्य की प्रतीक्षा चीन के उत्साह का ही वर्णन करता है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आप ऐतिहासिक अभिलेखों को देखें, तो सदियों से भारत और चीन ने एक-दूसरे से सीखा है। साथ मिलकर, उन्होंने हमेशा किसी न किसी तरह से वैश्विक भलाई में योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी चीन और भारत के रिश्ते बेहतर बनाने की दिशा में पहला कदम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूसी शहर कजान में पिछले साल की मुलाकात के बाद भारत और चीन के रिश्ते लगातार बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी भारत को लेकर अपनी बेहतर राय जाहिर की थी। जिसका भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया था। इस कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की ताजा टिप्पणी ने एक तरह से भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को बेहतरी की ओर तेजी से बढ़ा दिया है। मोदी ने भारत- चीन के आपसी और गहरे रिश्तों और ऐतिहासिक संबंधों की भी इस पाडकास्ट में चर्चा की। वैसे चीन और भारत के रिश्तों की एक बड़ी और ऐतिहासिक कड़ी महात्मा गौतम बुद्ध हैं। यह ऐसी कड़ी है, जिसकी बुनियाद पर दोनों देशों के रिश्तों को और बेहतर बनाया जा सकता है।

# गाड़ी को टक्कर मारने व हथियार दिखाकर धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने किया काबू

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आपसी रंजिश के चलते रास्ता रोकने, अवैध हथियार दिखाने और गाड़ी में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अमरदीप वासी मोड़ी के रूप में हुई है। आरापी घटना में शामिल था। पुलिस ने आरोपी को काबू कर बृहस्पतिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में पेश किया जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनसे वारदात में प्रयुक्त की गई गाड़ी और अवैध हथियार बरामद किया गया था। इस बारे में शिकायतकर्ता संदीप वासी गाँव बोहका ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई थी।

# श्रीगौड सभा कनीना की बैठक 23 को

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** रविवार दिनांक 23 मार्च को सुबह 9 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब कनीना में श्रीगौड सभा कनीना के सद्स्यों की आम सभा का आयोजन किया जायेगा। सभा के प्रधान डॉ रविंद्र कौशिक ने बताया कि बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा वहीं सभा की तीन वर्षीय कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

# तकनीकी छात्रों में कर्मचारी नहीं, उद्यमी बनने की भावना पैदा करें: धनखड़




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में आयोजित राज्य स्तरीय तीन दिवसीय अंतर बहुतकनीकी संस्थान खेल प्रतियोगिता के समापन एवं पारितोषिक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी छात्र कर्मचारी बनने की भावना त्याग कर उद्यमी बनने की भावना लेकर जाएं। नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें। व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। जीवन में बड़ा सोचोगे तो बड़ा व्यक्ति बनोगे। धनखड़ ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने बेहतरीन बजट प्रस्तुत किया है।


उन्होंने तकनीक को प्राथमिकता देते हुए ए आई और तकनीकी क्षेत्र को बजटीय प्रावधानों के साथ जोड़ा है। पूर्व कृषि मंत्री श्री धनखड़ ने कहा कि आप तकनीक के छात्र हैं। भविष्य तकनीक का है यानी आपका है। नई नई तकनीक के साथ चुनौतियां भी आती हैं, जैसे उद्योगों के साथ प्रदूषण, वाहनों के साथ ट्रैफिक जाम आदि। इन चुनौतियों का हल नई तकनीक से खोजें। यह आप कर सकते हैं, आप प्रदूषण को कम करने का हल खोज सकते हैं, आप भूमि जल स्तर सुधार का हल खोज सकते हैं। आप अपनी खोज से कृषि, फल, सब्जी, दूध का उत्पादन बढ़ाने की नई तकनीक खोज कर दिल्ली की बड़ी मार्केट का लाभ उठा सकते हैं। यह सामर्थ्य आप मे हैं, आप संकल्प कीजिए, जरूर सिद्धि तक पंहुचेगा। पीएम मोदी जी कहते हैं संकल्प से ही सिद्धि तक पहुंचा जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारी नई शिक्षा नीति व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने वाली नीति है। दुनिया में भारत पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसको तीन नंबर लाना है या एक नंबर लाना है, यह आपके संकल्प पर निर्भर करता है। आज आप संकल्प लीजिए कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो जरूर बनेगा। पूर्व मंत्री ने समारोह में पहुंचने से पहले बहुतकनीकी संस्थान में उत्कृष्टता केंद्र का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए प्रबंधन और छात्रों को बधाई दी।

# पुलिस फोर्स न मिलने के कारण मोडी में नहीं हो सकी कब्जा कार्रवाई

### पंचायत की एक एकड भूमि पर एनजीओ द्वारा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है बेसहारा अनाथ आश्रम

### ग्रामीणों ने आश्रम के नाम पर अवैध वसूली के लगाए आरोप






**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव मोडी में पंचायती जमींन पर बने भवन में पिछले करीब पांच वर्ष पूर्व शुरू किए गए सामाजिक संगठन द्वारा अवैध रूप से कब्जा करवाने के प्रयास किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार, 20 मार्च को की जाने वाली कब्जा कार्रवाई पुलिस सहायता न मिल पाने के कारण स्थगित हो गयी। कनीना के बीडीपीओ नवदीप की ओर से पुलिस सहयाता के लिए लिखा गया था। सरपंच अनिता देवी ने बताया कि इससे पूर्व भी 19 जुलाई 2024, 27 जनवरी 2025, 30 जनवरी 2025 व 17 मार्च 2025 को चार बार पुलिस सहायता के लिए लिखा गया था। ग्राम सरपंच अनिता देवी ने बताया कि गांव मोडी निवासी पवन कुमार ने सत्य भारती स्कूल के भवन में अवैध रूप से संचालित किए गए 'बेसहारा शांतिकुंज अनाथ' आश्रम के जरिए एक एकड भूमि की चारदीवारी एवं उसमें बने आठ कमरे सहित बरामदे व टॉयलेट पर कब्जा कर वहां दर्जनभर व्यक्तियों को अनाथ बताकर रखा हुआ है। जबकि यह ग्राम पंचायत की मलकियत है। इस जमींन पर भारती फाउंडेशन की ओर से सत्य भारती नामक प्राईमरी स्कूल का संचालन शिक्षा-सत्र 2006-07 में किया था। उसके करीब दो वर्ष बाद उपरोक्त एनजीओ की ओर से बिना पंचायत की सहमति के अनाथ आश्रम का संचालन शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सत्यभारती स्कूल संस्था ने इस भवन व जमींन को सितंबर 2019 में तत्कालीन सरपंच शर्मिला देवी सहित पंचायत को विधिवत रूप से सुपुर्द किया था।

पूर्व सरपंच गजराज सिंह, पूर्व पंच जगन सिंह, ग्रामीण कर्णसिंह, सरपंच प्रतिनिधि रामनिवास ने बताया कि अनाथ आश्रम की आड में एनजीओ संचालक पवन कुमार पंचायती जमींन पर अवैध कब्जा करना चाहता है। अनाथ आश्रम में रहने वाले महिला व पुरूषों को गेट बंद कर बंधक की भांति रखा जाता है ओर उनसे फसल कटाई करवाकर मजदूरी करवाई जाती है। आश्रम परिसर में बिना संचालक की अनुमति के कोई भी व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। जाने-अनजाने व्यक्ति को अंदर जाने के लिए पवन कुमार से अनुमति लेनी पडती है। अंदर रह रहे किसी व्यक्ति द्वारा आश्रम की असलियत बताई जाती है तो उनसे मारपीट तक की जाती है। उनकी प्रताडना से दो अनजान व्यक्तियों की मौत होने की बात भी कही जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में कहीं भी कोई अनजान वृद्ध एवं मंदबुद्धि जैसा व्यक्ति दिखाई देता है तो उसे मोडी लाया जाता है। जहां उनके मजदूरी तक कराई जाती है। अनाथ आश्रम के नाम पर जगह-जगह चंदावसूली की जाती है। अनाथ आश्रम के नाम पर यहां पर सोलर सिस्टम लगाया है वहीं 30-35 बैड उपलब्ध कराए गए हैं। जिन पर वह अपना हक जता रहा है। उन्होंने बताया कि कनीना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप ने औचक निरीक्षण कर असलियत जानी थी। जिसमें उन्होंने आश्रम के गेट पर ताला लटका मिला था। उनके परिजनों के कहने पर पवन कुमार की अनुमति से ताला खोला गया। बीडीपीओ ने आश्रम में रह रहे लोगों से बातचीत की जिसमें उन्होंने स्वयं को बंधक बना जाने जैसी बाते कही। वे लोग वहां से जाना चाहते थे लेकिन उन्हें जबरन वहां रोका गया था।

सरपंच अनिता देवी ने बताया कि इस मलकियत को अपने कब्जे में लेकर ग्राम पंचायत द्वारा यहां पर ई-लाईब्रेरी, ओपन जिमशाला खोलने की योजना है। इस बारे में बीडीपीओ नवदीप ने बताया कि पुलिस फोर्स की व्यस्तता होने के कारण पुलिस हैल्प नहीं मिल सकी। पुनः पुलिस सहायता के लिए लिखा जाएगा। पुलिस सहायता मिलते ही अवैध कब्जा छुडा दिया जायगा। इस बारे में कब्जाधारी पवन कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत पिछले दो वर्ष से उनके पीछे लगी हुई है। वह आश्रम को खाली करवाना चाहती है। जबकि यहां पर बेसहारा व्यक्तियों को आश्रय दिया जा रहा है।

# 16 वर्षीय बेटे को लीवर डोनेट कर महिला ने कायम रखी परिवार की खुशियां

## खेडी कांटी की महिला अनिता शर्मा बनी आमजन के लिए प्रेरणा स्रोत







**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** मां की ममता के आगे सबकुछ गौण है। जन्म देने के बाद संतान पर कोई मुसीबत आती है तो अनायास ही मां का आंचल मुसीबत को टालने के लिए बिछ जाता है। वह मुसीबत भले ही किसी ज्ञातण्अज्ञात शत्रु द्वारा खडी की गई हो या असाध्य व गंभीर बिमारी का रूप लेकर आई हो। ऐसा ही वाकया महेंद्रगढ जिले के अटेली विधान सभा के गांव खेडी कांटी में देखने को मिला है। जहां एक महिला अनिता शर्मा ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए आर्थिक रूप से विषम परिस्थितियों व चुनौतियों का सामना करते हुए अपने 16 वर्षीय पुत्र लक्ष्य त्रिपाठी को लिवर डोनेट कर न केवल जीवनदान दिया है बल्कि परिवार की खुशियों को कायम रखने में अहम भूमिका निभाई है। अनिता शर्मा बीए पास होने के साथण्साथ कुशल गृहणी है जो पूरे परिवार को एकसूत्र में पिरौने में कामयाब रही है। उनके पति गांव में ही छोटी सी दुकान चला कर परिवार का पोषण कर रहे हैं।

11 कक्षा में पढने वाले बेटे लक्ष्य त्रिपाठी को जन्म से ही लीवर सम्बंधी समस्या थी, जिस पर चिकित्सकों ने 15-16 साल बाद लीवर ट्रांसप्लांट करने की सलाह दी थी। परिजनों को तभी से उपयुक्त डोनर तलाशे जाने तथा लीवर ट्रांसप्लांट में होने वाले खर्चे की व्यवस्था बनाने को लेकर चिंता सताए जा रही थी। प्रदेश के नामी अस्पताल के चिकित्सकों ने लिवर ट्रांसप्लांट ऑपरेशन के लिए 22 लाख तथा दवा आदि फोलो करने के लिए 10-12 लाख रूपये अतिरिक्त खर्चे का एस्टीमेट बताया था। यह सुनकर परिजनों के पैरों तले से मानों जमींन खिसक गई। दिनोंदिन चिंता में डूबे परिजनों के सामने इतनी रकम का कोई जुगाड दिखाई नहीं दे रहा था। अंततः उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, भिवानी महेंद्रगढ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, प्रधानमंत्री राहत कोष व शॉसल मीडिया के जरिए ग्राम व क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की। उसके बाद क्या था देखते-देखते उम्मीदों के द्वार खुल गए किंतु उपयुक्त लिवर डोनर नहीं मिला।

### लिवर ट्रांसप्लांट के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री राहत कोष सहित आमजन की मिली मदद

रकम की व्यवस्था होने के बाद लक्ष्य की मां अनिता शर्मा ने अपने बेटे को लीवर डोनेट करने की ईच्छा जताई। महिला की हिम्मत देख उनके भाई महिपाल ने रक्त देने का बीडा उठाया। सारी औपचारिक्ताएं पूरी होने के बाद गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में डॉ नीलम मोहन की देखरेख में करीब 12 घंटे ऑपरेशन की कार्रवाई चली। जिसमें मां के लीवर को बेटे के लीवर की जगह प्रत्यारोपित किया गया। फिलहाल माण्बेटा स्वस्थ हैं जिन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है।

डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि लीवर दान कर महिला अनिता शर्मा ने अपने परिवार की खुशियों को जिंदा रखा है। हालांकि ग्रामीणों तथा परिवार के सद्स्यों ने पहले इस जोखिमभरा फैसला बताया लेकिन अनिता शर्मा बेटे के लिए लीवर डोनेट करने के फैसले पर अडिग रही। इस घटना के बाद महिला दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है।

# नपा चुनाव के समय किए गए वायदों पर कार्य शुरू

## नालों की सफाई व गंदे पानी की निवासी की दिशा में उठाए जा रहे कदम




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरालिका चुनाव के दौरान नपा की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने नालों की सफाई तथा गंदे पनी की निकासी के लिए किए गए वायदों पर कार्य शुरू कर दिया गया है। चेयरपर्सन के ससुर वार्ड 14 के मेम्बर एवं पूर्व नपा प्रधान राजेंद्र सिंह लोढा मौके पर खडे रहकर नालों की सफाई करवा रहे हैं। जिसे लेकर नगरवासियों ने राहत की सांस ली है। नपा क्षेत्र में पिछले समय से साफ-सफाई तथा गंदे पानी की निकासी चरमराई हुई थी। नगरवासी इन समस्याओं की चुनाव मैदान में उतरे उम्मीद्वारों से उम्मीद लगा रहे थे। नपा के आम चुनाव में यही मुख्य मुद्दा बना हुआ था। भौगौलिक स्थित के मुताबिक निचले क्षेत्र में बने जोहड ओवरफ्लो होने तथा निकासी का गंदा पानी सडकों पर आने से नागरिकों का गुजरना दुश्वार था। लंबे समय से गंदा पानी जमा होने से अनेकों नागरिक टाइफाईड जैसे रोग से ग्रस्त हो रहे थे। बाबा लेखराम बाग के समीप बने जोहड व नाली ओवरफ्लो होने से बैठने के लिए डाली गई सीटों के सामने व कालर वाली जोहड के समीप सभी रास्तों पर पानी जमा होने की शिकायत बनी हुई है। जहां बरसात के समय स्थिति ओर अधिक दयनीय हो जाती है। नपा चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने कहा कि नगर में बुनियादी सुविधाओं को प्राथकिमता के आधार पर दुरूस्त किया जायेगा वहीं तेजी से विकास कार्य करवाए जाएगें।

## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में फ्राड कॉल सेंटर पर छापे बाद लोगों ने लूट लिए लैपटॉप-फर्नीचर और बाकी सामान

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान की फेडरल जांच एजेंसी ने इस्लामाबाद के एफ-11 सेक्टर में एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा, लेकिन इसके तुरंत बाद वहां अराजक स्थिति पैदा हो गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर लैपटॉप, मॉनिटर, कीबोर्ड, एक्सटेंशन बोर्ड, फर्नीचर और यहां तक कि कटलरी तक लूटकर ले गए।इस लूटपाट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कॉल सेंटर चीनी नागरिकों द्वारा संचालित किया जा रहा था और साइबर धोखाधड़ी में शामिल था। एफआईए की टीम जैसे ही छापेमारी के लिए अंदर पहुंची, पीछे से स्थानीय लोग भी घुस आए और लूटपाट मचाने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग अपने हाथों में लैपटॉप, मॉनिटर और अन्य सामान लेकर भाग रहे हैं, मानो कोई मुफ्त की सेल लगी हो। एक सोशल मीडिया यूजर ने व्यंग्य करते हुए लिखा- ऐसा लग रहा है जैसे पाकिस्तान में लोगों ने इसे चैरिटी ड्राइव समझ लिया-लैपटॉप से लेकर कटलरी तक सब कुछ उठा ले गए! इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कॉल सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहा था और दुनियाभर के लोगों को ठगने के लिए साइबर फ्रॉड करता था। स्नद्ब ने छापेमारी के दौरान 24 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें कुछ चीनी नागरिक भी शामिल हैं। हालांकि, कुछ आरोपी भागने में सफल रहे।

### विवाद के बीच कनाडा में संप्रभुता पर जोर : ऑस्ट्रेलिया से अरबों की रडार डील, आर्कटिक में सैन्य अभियान विस्तार

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मंगलवार को एक अहम घोषणा की। इसमें उन्होंने कहा कि कनाडा ऑस्ट्रेलिया से अरबों डॉलर की एक नई रडार प्रणाली खरीदेगा और आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य अभियानों को बढ़ाएगा। यह कदम कनाडा के उत्तरी क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया जा रहा है, ताकि इस विवादित क्षेत्र पर कनाडा की संप्रभुता को साबित किया जा सके। प्रधानमंत्री कार्नी ने बताया कि 6 अरब कनाडाई डॉलर (लगभग 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर) की यह रडार प्रणाली कनाडा और अमेरिका की सीमा से लेकर आर्कटिक क्षेत्र तक प्रारंभिक चेतावनी रडार कवरेज प्रदान करेगी। यह रडार ओवर-द-होराइजन रडार के नाम से जानी जाएगी। कार्नी इस घोषणा को नुनावुत क्षेत्र की राजधानी इकालुइट में स्थित एक सैन्य अड्डे से करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि कनाडा सरकार आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य प्रशिक्षण और संचालन को बढ़ावा देने के लिए 420 मिलियन कनाडाई डॉलर (294 मिलियन अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगी। इसके तहत अधिक सैन्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही पीएम कार्नी ने इसके बाद अपनी यात्रा को ग्रीनलैंड से पूरा किया। बता दें कि ग्रीनलैंड में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने की धमकी दी थी, जिससे कनाडाई लोगों में गुस्सा फैल गया था और इस मुद्दे ने कनाडा की राजनीति को प्रभावित किया था।

### संघीय जज ने ट्रंप का फैसला पलटा, ट्रांसजेंडर्स के सेना में शामिल होने पर लगी रोक हटाई

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रंप प्रशासन को झटका देते हुए सरकार के उस कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर्स के सैन्य सेवाओं में शामिल होने पर रोक लगा दी गई थी। वॉशिंगटन डीसी की संघीय जज एना रेज ने अपने आदेश में कहा कि ट्रांसजेंडर्स को सेना में शामिल होने से रोकना, उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। दरअसल सेना में सेवा दे रहे छह ट्रांसजेंडर्स और सेना में शामिल होने के इच्छुक दो ट्रांसजेंडर्स ने अदालत में याचिका दायर की थी, जिस पर संघीय जज ने यह प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी की है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत ट्रांसजेंडर्स लोगों के सेना में भर्ती होने पर रोक लगा दी गई थी। इस आदेश के जवाब में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने जेंडर डिस्फोरिया वाले लोगों को सैन्य सेवाओं के लिए अयोग्य घोषित करने की नीति जारी की। जेंडर डिस्फोरिया वह अवस्था है, जिसमें किसी व्यक्ति का निर्धारित लिंग और उसकी लिंग पहचान मेल नहीं खाते। चिकित्सा स्थिति में इसे अवसाद और आत्महत्या के विचारों से जोड़ा जाता है। अदालत में जब इस आदेश को चुनौती दी गई तो दावा किया गया कि यह अमेरिकी संविधान के पांचवें संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर्स को मिले अधिकारों का उल्लंघन है। अमेरिकी सेना में हजारों की संख्या में ट्रांसजेंडर्स सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन ये कुल सैनिकों की संख्या का एक प्रतिशत से भी कम है। नाबालिगों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल पर ओहायो के प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए अपीलीय अदालत ने इस पर रोक लगा दी। तीन न्यायाधीशों के पैनल ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। इस प्रतिबंध के तहत ट्रांस महिलाओं और लड़कियों को महिला खेलों में भाग लेने पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि राज्य के अटॉर्नी जनरल ने इस फैसले के खिलाफ अपील करने की बात कही है। एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को ट्रंप प्रशासन द्वारा तीन जलवायु समूहों को 14 अरब डॉलर का अनुदान रोकने के फैसले पर रोक लगा दी। ट्रंप ने इस अनुदान में धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे, लेकिन अब अदालत ने कहा है कि धोखाधड़ी के दावे अपुष्ट हैं।

# जाफर ट्रेन अपहरण के बाद बलूचिस्तान और केपी में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के हिंसा प्रभावित खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों में सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ लक्षित आतंकवादी हमलों में तेजी देखी जा रही है। हालांकि पिछले 24 घंटों में आतंकवाद विरोधी अभियानों में कई आतंकवादी हताहत भी हुए।

हमलों का यह ताजा सिलसिला बोलन दर्रे में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों द्वारा जाफर एक्सप्रेस यात्री ट्रेन अपहरण के बाद शुरू हुआ है। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित कम से कम 26 बंधकों की हत्या कर दी गई थी। दो दिन के ऑपरेशन के दौरान पांच सुरक्षाकर्मी भी शहीद हो गए। नवीनतम जानकारी के अनुसार, केपी और बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों से ताजा झड़पों की सूचना मिली है। पुलिस अधिकारियों, कांस्टेबलों, सुरक्षा कर्मियों और अन्य लोगों पर घात लगाकर हमले किए गए।



पुलिस सूत्रों ने कहा कि केपी प्रांत में विभिन्न हमलों में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया, जबकि कम से कम छह आतंकवादी मारे गए। केपी के बन्नू शहर में हथियारबंद मोटरसाइकिल सवारों ने लोअर हेड कांस्टेबल (एलएचसी) को निशाना बनाया, जब वह मीरानशाह रोड पर ड्यूटी पर था। हमले में कांस्टेबल की मौत हो गई, जबकि हमलावर मौके से भाग निकले। केपी पुलिस और आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के कमांडो ने बन्नू में एक ऑपरेशन (आईबीओ) के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया। केपी के लक्की मरवत इलाके में पुलिस कर्मियों ने सराय गाम्बिला में एक पुलिस स्टेशन पर आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया।

केपी पुलिस ने दो दिन के अभियान के बाद कुर्रम पार के पहाड़ी इलाके में आतंकवादियों के कई ठिकानों को भी नष्ट कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दादिवाला पुलिस स्टेशन और अब्बास खट्टक पुलिस चौकी पर आतंकवादी हमले के बाद यह अभियान शुरू हुआ। इसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों और पुलिस अधिकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं और भीषण गोलीबारी हुई। झड़पों में एक आतंकवादी मारा गया।

बलूचिस्तान के खुजदार में ग्रेनेड हमले में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि ग्रेनेड एक घर के अंदर फटा, जिसमें एक पुलिस अधिकारी के पिता और उसके भाइयों के चार बच्चे घायल हो गए। घटना में घर के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार, यह हमला खुजदार में कादिर शेख के घर को निशाना बनाकर किया गया, जो बलूचिस्तान के हब शहर के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) हैं।

इससे पहले, बलूचिस्तान के नुश्की जिले में सुरक्षा बलों के काफिले पर हुए बम हमले में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मियों और दो नागरिकों की मौत हो गई थी। एक अन्य घटना में, प्रांतीय राजधानी क्वेटा में बलूचिस्तान के आतंकवाद निरोधी बल (एटीएफ) के वाहन के पास हुए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह अन्य घायल हो गए।

## इमरान की पार्टी ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर महत्वपूर्ण बैठक का किया बहिष्कार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रमुख विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश में मौजूदा



सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए मंगलवार को आहूत की गई महत्वपूर्ण सुरक्षा बैठक का बहिष्कार किया। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक ने प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों द्वारा 11 मार्च को एक ट्रेन के अपहरण की घटना के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की बंद कमरे में हुई बैठक की अध्यक्षता की। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इस बैठक का बहिष्कार किया। खान वर्तमान में जेल में बंद हैं।

बीएलए ने बलूचिस्तान के बोलन क्षेत्र में ट्रेन का अपहरण कर लिया था, जिसमें लगभग 425 यात्री सवार थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर बुलाई गई बैठक में प्रमुख मंत्रियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, प्रांतीय मुख्यमंत्रियों, गवर्नर और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भाग लिया। सैन्य नेतृत्व ने संसदीय समिति को वर्तमान सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। बैठक में हुई चर्चा का विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं है। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सरकार के निमंत्रण के बावजूद बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया क्योंकि पार्टी ने बैठक से पहले 72 वर्षीय खान के साथ बैठक की मांग की थी। सरकार ने मांग स्वीकार नहीं की। पीटीआई के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन तहरीक तहफ्फुज-ए-आयीन पाकिस्तान (टीटीपी ) ने भी बैठक से दूरी बनायी। टीटीएपी प्रमुख महमूद खान अचकजई ने एक संवाददाता सम्मेलन में मांग की कि खान को बैठक में आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा, ''पीटीआई संस्थापक को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए क्योंकि उनके बिना किसी भी बैठक का कोई महत्व नहीं होगा। अचकजई, जातीय पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के भी प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर किसी भी बैठक में हर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान की विकट परिस्थितियों के लिए संसद के संयुक्त सत्र की आवश्यकता है।

## समुद्र में सुनीता का डॉल्फिन ने किया शानदार स्वागत

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर लगभग नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे इन अंतरिक्ष यात्रियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आखिरकार उनका स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक फ्लोरिडा के समुद्री तट पर उतर गया। भारतीय समयानुसार, यह लैंडिंग बुधवार तड़के हुई। नासा की टीम अपने अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत करने और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बोट के साथ वहां मौजूद थी। इस दौरान समुद्र में एक आकर्षक दृश्य भी देखने को मिला, जब सुनीता विलियम्स के कैप्सूल के चारों ओर डॉल्फिन का एक झुंड तैरता नजर आया, मानो वे इस ऐतिहासिक वापसी का स्वागत कर रही हों। जब रेस्क्यू टीम द्वारा सुनीता विलियम्स और उनके साथियों को कैप्सूल से बाहर निकाला जा रहा था, उस समय कई डॉल्फिन मछलियां कैप्सूल के चारों ओर तैर रही थीं। ऐसा लग रहा था मानो वह सुनीता और उनके साथियों का स्वागत कर रही हों। इसका वीडियो नासा द्वारा शेयर किया गया है। नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के बाद आधिकारिक बयान में कहा, सभी अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित धरती पर लौट चुके हैं। उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। समुद्र से बाहर निकाले जाने की प्रक्रिया का जिक्र करते हुए नासा ने कहा, कोस्ट गार्ड की टीम ने शानदार काम किया।

## सबसे ज्यादा समय तक स्पेस वॉक करने वाली महिला सुनीता के नाम दर्ज हुए कई रिकॉर्ड

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** 5 जून 2024 को जब भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे, तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि उनका आठ दिन लंबा मिशन 9 महीनों से ज्यादा समय के लिए खिंच जाएगा। अब अमेरिकी समयानुसार 18 मार्च को देर शाम को जब सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर पृथ्वी पर लौटे, तो वे आईएसएस पर 286 दिन बिता चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस लंबी अवधि में सुनीता विलियम्स ने कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। इनमें स्पेसवॉक से लेकर स्पेसशिप में समय बिताने तक के रिकॉर्ड हैं।

ऐसे में यह जानना अहम है कि सुनीता विलियम्स ने 286 दिन आईएसएस पर रहने के बाद कौन-कौन से रिकॉर्ड तोड़े हैं? उन्होंने कौन सी उपलब्धियां अपने नाम की हैं? इसके अलावा जिन क्षेत्रों में सुनीता ने रिकॉर्ड बनाए हैं, उनमें पहले कौन-कौन परचम लहरा चुका है? अमेरिका और रूस की अंतरिक्ष एजेंसी का रिकॉर्ड क्या रहा है? आइये जानते हैं... सबसे ज्यादा कुल दिन तक अंतरिक्ष में रहने के मामले में सुनीता विलियम्स अब तक तीन बार अंतरिक्ष मिशन पर जा चुकी हैं। इनमें 2006, 2013 और 2024 के स्पेस मिशन शामिल हैं। जहां उन्होंने कुल मिलाकर 608 घंटे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए हैं। नासा के किसी अंतरिक्ष यात्री के लिहाज से यह अंतरिक्ष में दूसरी सबसे ज्यादा अवधि है। अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों में उनसे आगे सिर्फ पेगी व्हिटमोर हैं, जिन्होंने आईएसएस पर 675 दिन बिताए हैं।





हालांकि, दुनियाभर के अंतरिक्ष यात्रियों की बात करें तो रूस के आगे नासा के एस्ट्रोनॉट कहीं नहीं ठहरते। इस मामले में रिकॉर्ड है रूसी कॉस्मोनॉट ओलेग कोनोनेंको के पास, जो कि पिछले साल जून में ही 33 महीने यानी 1000 दिन स्पेस में रहने का रिकॉर्ड कायम किया था। उन्होंने इसके साथ ही रूसी कॉस्मोनॉट और साथी गेनाडी पडालका का रिकॉर्ड तोड़ा था।


एक दौरे में सबसे ज्यादा दिन

सुनीता विलियम्स ने आईएसएस पर इस बार अपना सबसे लंबे समय तक रहने का रिकॉर्ड बनाया। एक बार में 286 दिन तक अंतरिक्ष में रहकर सुनीता नासा की रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। दरअसल, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों की बात करें तो एक दौरे में सबसे ज्यादा दिन तक आईएसएस पर रहने का रिकॉर्ड अब तक फ्रैंक रूबियो के पास है। वहीं, मार्क वांडे हेई अब तक 355 दिन आईएसएस पर बिताए हैं। इसके बाद स्कॉट केली, महिला अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टिना कॉश और पेगी व्हिट्सन का नंबर है। इस लिहाज से एक दौरे में आईएसएस पर सबसे ज्यादा दिन बिताने वाले अंतरिक्ष यात्रियों में सुनीता विलियम्स छठे नंबर पर काबिज हो गई हैं। हालांकि, इसके लिए उन्होंने इस बार अंतरिक्ष यात्री एंड्रयू मॉर्गन का 272 दिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## पीएम मोदी के जिक्र से बदली इस जर्मन लड़की की जिंदगी?

**बर्लिन, एजेंसी।** भारत की संस्कृति और संगीत की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। इस आकर्षण ने जर्मनी की एक लड़की कासमी को भारतीय संगीत से जोड़ा। लेकिन उनके जीवन में सबसे बड़ा बदलाव तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में उनका जिक्र किया। कैस्मे का पूरा नाम कैसंड्रा मे स्पिटमैन है। जर्मन गायक-गीतकार कैसांद्रा मे स्पिटमैन 12 भाषाओं में गाती हैं और भारतीय संगीत और आध्यात्म से प्रेरणा लेती हैं।

कास्मे को भारतीय संगीत से गहरा प्रेम है। उनकी रुचि भारतीय शास्त्रीय संगीत और भजन गायन में है। उन्होंने कई भारतीय गीतों को खूबसूरती से गाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसके कारण वह भारतीय संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हो गई हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में कासमे का नाम लिया और भारतीय संगीत के प्रति उनके प्रेम की प्रशंसा की, तो यह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था। इस एक पल ने उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल दी।



प्रधानमंत्री का जिक्र सुनकर कास्मे काफी भावुक हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करके अपना आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उनके लिए अविश्वसनीय क्षण था। उन्होंने भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया और कहा कि यह उन्हें भारतीय संगीत को और अधिक गहराई से सीखने के लिए प्रेरित करता है। कैस्मे का भारत से गहरा लगाव सिर्फ संगीत तक ही सीमित नहीं है। वह हिंदी भाषा भी सीख रही हैं और भारतीय परंपराओं के बारे में अधिक जानने का प्रयास कर रही हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि संगीत और संस्कृति की कोई सीमा नहीं होती। भारत का संगीत, इसकी परंपराएं और इसकी आत्मीयता दूर देशों में भी लोगों को आकर्षित करती है। कासमे की इस अनूठी यात्रा ने न केवल उनका जीवन बदल दिया, बल्कि यह भी दिखाया कि भारत की संस्कृति और प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम दुनिया भर के लोगों को जोड़ने में सक्षम है।

कासमे 12 से अधिक भारतीय भाषाओं में गाती हैं आपको बता दें कि कासमे जन्म से ही देखने में असमर्थ है। वह जर्मनी के डुइसबर्ग की रहने वाली हैं और 21 वर्ष की उम्र में वह भारतीय संगीत और भाषाओं में अपनी प्रतिभा के लिए दुनिया भर में ख्याति प्राप्त कर रही हैं। वह मलयालम, तमिल, कन्नड़ सहित 12 से अधिक भारतीय भाषाओं में गाती हैं और अपने पॉप गीतों के साथ भारतीय संगीत का मिश्रण करती हैं। उन्होंने पहली बार 2017 में अमेरिका के बर्कली कॉलेज में पढ़ाई के दौरान भारतीय संगीत की खोज की और तब से उनका जुनून बढ़ता ही गया।

## टेकऑफ करते ही समुद्र में गिरा विमान, सांसद और मशहूर संगीतकार समेत 12 की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मध्य अमेरिका में स्थित देश होंडुरास के तट के निकट एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोकप्रिय संगीतकार और एक सांसद समेत 12 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'लैन्सा एयरलाइंस का विमान सोमवार रात रोआटन द्वीप से उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 17 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से पांच लोगों को बचा लिया गया है और वे सभी अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने बताया कि विमान पूरी ऊंचाई तक उड़ान नहीं भर पाया था और समुद्र में गिर गया । पुलिस और बचाव दलों के अनुसार, विमान अपनी निर्धारित ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाया और टेकऑफ के तुरंत बाद समुद्र में गिर गया। स्थानीय मछुआरों ने बचाव कार्य में मदद की और जीवित बचे यात्रियों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। होंडुरास सिविल एरोनॉटिक्स एजेंसी ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतकों में जाने-माने गरिफुना संगीतकार और पूर्व सांसद औरेलियो मार्टिनेज सुजौ भी शामिल हैं। मार्टिनेज सुजौ, जो अफ्रीकी और आदिवासी वंश के गरिफुना समुदाय से ताल्लुक रखते थे, अमेरिका की नागरिकता भी रखते थे। उनकी फ्रांसीसी सहयोगी हेलेन ओडाइल गिवार्च इस हादसे में जीवित बचने वालों में शामिल हैं। उनके भतीजे एंजेल अपारिसियो फर्नांडीज मार्टिनेज ने कहा, हम इस दुखद घटना से



पूरी तरह टूट चुके हैं। औरेलियो हमारे परिवार की रीढ़ थे। मार्टिनेज सुजौ पहले लॉस गाटोस ब्रावोस बैंड के सदस्य थे, बाद में उन्होंने अपना खुद का संगीत समूह लिता एरीरन बनाया। उनका पहला एल्बम गरिफुना सोल उन्हें यूरोप, अमेरिका और कई अन्य देशों तक ले गया। सुला घाटी के अफ्रीकी-अवशेष संघ के अध्यक्ष हुम्बर्टो कास्टिलो ने कहा, औरेलियो गरिफुना संस्कृति के सबसे बड़े राजदूतों में से एक थे। वे गरिफुना और मिस्किटो दोनों भाषाओं में गाने लिखते और बोलते थे। इस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों को रोआटन से सैन पेड्रो सुला के मर्ग में भेजा गया है।

## ट्रंप-पुतिन वार्ता: सीमित शांति समझौते पर सहमति, 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा रूस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए लंबी बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद रूस ने एलान किया है कि वह अगले 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। बातचीत के दौरान पुतिन कहा कि संघर्ष का समाधान व्यापक, टिकाऊ और दीर्घकालिक होना चाहिए, जिसमें रूस के अपने सुरक्षा हितों और युद्ध के मूल कारणों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

बता दें कि मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बातचीत में बनी सहमति को व्हाइट हाउस ने शांति की दिशा में पहला कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे काला सागर में समुद्री युद्ध विराम हो जाएगा और लड़ाई पूरी तरह से और स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि व्यापक शांति योजना की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से वार्ता तुरंत शुरू होगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन इस चरणबद्ध युद्ध विराम की योजना पर सहमत है या नहीं। वहीं, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि बातचीत के दौरान पुतिन ने संघर्ष विराम की निगरानी करने और यूक्रेन की ओर से अधिक सैनिकों को जुटाने और खुद को फिर से हथियारबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल करने से रोकने के बारे में भी अहम बिंदु उठाए। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने ट्रंप से यूक्रेन को विदेशी सैन्य और खुफिया सहायता बंद करने का भी आह्वान किया है।

**ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा :**अमेरिका ने पहले रूस और यूक्रेन के बीच 30 दिनों के लिए संपूर्ण युद्ध विराम का प्रस्ताव दिया था। इस पर यूक्रेन पिछले हफ्ते ही



अपनी सहमति जता दी थी। लेकिन पुतिन के साथ बातचीत के बाद क्रेमलिन और व्हाइट हाउस की तरफ से सिर्फ ऊर्जा संयंत्रों और बुनियादी ढाचें पर हमला रोकने की बात कही गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा है। अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिजों उत्कनन पर समझौते के लिए बातचीत कर रहा है। खनिज के प्रसंस्करण के लिए अमेरिका को बिजली की जरूरत होगी। इसलिए उसकी सबसे बड़ी चिंता यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को लेकर है। रूस ने फरवरी 2022 में अपने आक्रमण के बाद से यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड को बार-बार नुकसान पहुंचाया है। इससे यूक्रेन की बिजली आपूर्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूसी तेल रिफाइनरियों पर जबरदस्त हवाई हमले किए हैं। क्रेमलिन ने बताया कि दोनों नेताओं ने कैदियों की अदला-बदली और समुद्री सुरक्षा के बारे में बात की। पुतिन ने ट्रंप के प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। दोनों नेताओं ने अमेरिका-रूस संबंधों को सामान्य बनाने में रुचि व्यक्त की, वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और यहां तक कि हॉकी मैचों जैसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स आईएनसी इक्विटी शेयरों की हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।**

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स आईएनसी अपनी 10.18 करोड़ इक्विटी शेयरों की हिस्सेदारी बेचेगी। इस इश्यू में कोई फ्रेश इश्यू नहीं होगा, जिसका अर्थ है कि इससे प्राप्त धनराशि सीधे प्रमोटर्स और निवेशकों को जाएगी, न कि कंपनी को। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। यह आईपीओ लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का होगा और पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में पेश किया जाएगा। इस इश्यू का प्रबंधन मॉर्गन स्टेनली इंडिया, जेपी मॉर्गन




इंडिया, एक्सिस कैपिटल, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया जैसी प्रमुख निवेश बैंकिंग कंपनियों द्वारा किया जाएगा, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज को इस इश्यू का रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार की अग्रणी कंपनियों में शामिल है और बीते कुछ वर्षों में इसका वित्तीय प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की कुल आय 21,352 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 के 19,868.24 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक थी। इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,344.93 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,511.07 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कंपनी ने 6,408.80 करोड़ रुपये की आय अर्जित की और उसका शुद्ध लाभ 679.65 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, 2024 में दक्षिण कोरियाई कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने 27,870.16 करोड़ रुपये के आईपीओ के साथ भारतीय बाजार में अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम लॉन्च किया था। अब एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के इस बड़े आईपीओ को लेकर निवेशकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बता दें कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स आईएनसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। कंपनी ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) 6 दिसंबर, 2024 को दाखिल किया था और अब सेबी की मंजूरी मिलने के बाद इसे जारी करने की तैयारी कर रही है।

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। फेड ने इंटरेस्ट रेट को 4.25-4.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। फेड चेयरमैन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी के बीच बढ़ती महंगाई के जोखिम को लेकर चेतावनी भी दी। जिरोम पॉवेल ने मुद्रास्फीति पर टैरिफ के प्रभाव का आकलन करने की चुनौती को स्वीकार किया, लेकिन सर्वे की ओर इशारा करते हुए कहा कि टैरिफ पहले से ही महंगाई की उम्मीदों को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में अब वृद्धि शुरू हो गई है। हालांकि, फेड के ब्याज दरों में बदलाव के बाद भी अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी देखने को मिली और इसकी वजह यह रही कि बढ़ती महंगाई पर चिंताओं के बावजूद,




फेड के पॉलिसी मेकर अब भी 2025 में दरों में आधा प्रतिशत की कमी का अनुमान जता रहे हैं, जो इस वर्ष दो चौथाई अंकों की कटौती का संकेत देता है। अमेरिकी सूचकांक डाऊ जोन्स और नैस्डेक करीब डेढ़ फीसदी तक चढ़कर बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद और यूएस मार्केट में आई तेजी से भारतीय शेयर बाजार पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है।

## शाइन 100 का नया अपडेटेड वर्जन लॉन्च



**नई दिल्ली।**

दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी लोकप्रिय एंट्री-लेवल बाइक शाइन 100 का नया अपडेटेड वर्जन लॉन्च कर दिया है। होंडा के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने बताया कि शाइन 100 लंबे समय से किफायती कीमत में शानदार गुणवत्ता और आराम प्रदान करने वाली बाइक रही है। इस नए अपग्रेड के जरिए कंपनी इसकी अपील को और बढ़ाने और उत्सर्जन मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसके माइलेज और विश्वसनीयता को बरकरार रखने पर जोर दे रही है। नई होंडा शाइन 100 में 98.98सीसी का सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जो ओबीडी2बी उत्सर्जन मानकों के अनुरूप है। यह इंजन 7.28 बीएचपी की पावर और 8.04 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। बाइक में 4-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है, जिससे स्मूथ परफॉर्मेंस मिलती है। डिजाइन की बात करें तो यह शाइन 125 से प्रेरित दिखती है, लेकिन इसमें नए बॉडी ग्राफिक्स जोड़े गए हैं। बाइक में ब्लैक्ड-आउट अलॉय व्हील्स, सिंगल-पीस सीट, स्लीक मफलर, एल्युमिनियम ग्रैब रेल और फ्रंट काउल दिए गए हैं। इसे मजबूत डायमंड-टाइप फ्रेम पर बनाया गया है, जिसमें टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स और ट्विन रियर शॉक एब्जॉर्बर्स दिए गए हैं। ब्रेकिंग के लिए दोनों पहियों में ड्रम ब्रेक्स का इस्तेमाल किया गया है।इसकी कीमत 68,767 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब देशभर के सभी होंडा डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। कंपनी ने इस मॉडल में कई कॉस्मेटिक और मैकेनिकल अपडेट किए हैं, जिससे यह ज्यादा आकर्षक और आधुनिक हो गई है।

## बजाज नए किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर पर कर रही काम



**नई दिल्ली।**

स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो का चेतक स्कूटर पहले से ही लोकप्रियता हासिल कर चुका है, अब कंपनी नए किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर पर काम कर रही है। इस ईवी स्कूटर का टेस्ट मॉडल भारतीय सड़कों पर देखा गया, जिससे इस अपकमिंग स्कूटर को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। उम्मीद की जा रही है कि बजाज इस स्कूटर की कीमत 80,000 रुपये (एक्स-शोरूम) के आसपास रखेगा, जिससे यह बजट खरीदारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनेगा। माना जा रहा है कि यह स्कूटर चेतक का सस्ता वेरिएंट हो सकता है या फिर कंपनी का पूरी तरह नया बजट मॉडल भी हो सकता है। टेस्टिंग के दौरान देखे गए प्रोटोटाइप में हेडलाइट पहले जैसे दिख रही है, लेकिन सीटिंग एरिया और फ्लोरबोर्ड छोटा नजर आ रहा है। फ्रंट ओवल मिरर, फोर्क कवर और सिंगल-पॉड टेललाइट इसे चेतक से अलग लुक देते हैं। इस स्कूटर को कॉम्पैक्ट डिजाइन दिया गया है, जिससे यह शहरी सड़कों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन सकता है।

हार्डवेयर की बात करें तो इसमें फ्रंट डिस्क ब्रेक, डुअल रियर शॉक एब्जॉर्बर, 12-इंच के पहिये और अतिरिक्त सुविधा के लिए फ्रंट एप्रन हुक दिया गया है। पावरट्रेन के लिहाज से इसमें हब-माउंटेड इलेक्ट्रिक मोटर दी जा सकती है, जिससे लागत कम होगी। इसकी टॉप स्पीड लगभग 50 किमी प्रति घंटा हो सकती है और इसमें चेतक से छोटा बैटरी पैक मिलेगा।

## अप्रैल से मारुति सुजुकी विभिन्न मॉडलों की कीमतों में करेगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**

कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने घोषणा की है कि अप्रैल 2025 से वह अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। मारुति सुजुकी पहले भी इनपुट लागत बढ़ने के चलते कारों के दाम बढ़ा चुकी है।

इस बार भी कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि और अन्य खर्चों में इजाफे के कारण कंपनी को यह फैसला लेना पड़ा है। अगर आप मारुति की कार खरीदने की सोच रहे हैं, तो मार्च 2025 तक बुकिंग कराना फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि अप्रैल के बाद कारों की कीमतें बढ़ जाएंगी। मारुति सुजुकी भारतीय बाजार में शुरुआती स्तर की ऑल्टो के10 से लेकर प्रीमियम एमपीवी इनविक्टो तक के मॉडल बेचती है। कंपनी ने जनवरी 2025 में भी कीमतों में 32,500 रुपये तक की वृद्धि की थी। अब अप्रैल से यह बढ़ोतरी फिर से लागू होगी। वाहन उद्योग के जानकारों के अनुसार, ऑटो सेक्टर में बढ़ती महंगाई और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में उछाल के कारण कंपनियां लगातार कीमतें बढ़ाने को

MARUTI SUZUKI

मजबूर हो रही हैं। मारुति सुजुकी कंपनी ने भी इस फैसले के पीछे उत्पादन लागत में बढ़ोतरी और मूल्य वृद्धि के दबाव को मुख्य कारण बताया है।

### रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को 3 पैसे की बढ़त के साथ ही 86.34 पर बंद हुआ। बाजारों में ये तेजी विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच आई है। रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 12



पैसे मजबूत होकर 86.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय रुपये को ऋण बाजारों में मजबूत विदेशी प्रवाह से भी समर्थन मिला है। हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर बिकवाली से जोखिम बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.39 पर खुला और फिर कुछ बढ़त के साथ 86.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.37 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 103.38 पर रहा।




### रेनॉल्ट इंडिया अप्रैल से कीमतों में वृद्धि करेगी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता रेनॉल्ट इंडिया ने अप्रैल से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। यह वृद्धि विभिन्न संस्करण और मॉडल के लिए अलग-अलग होगी। प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने इस निर्णय की जिम्मेदारी ली है और कहा` कि कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण मूल्यों में इस बढ़ोतरी को आवश्यक महसूस किया गया है। इस पहली मूल्य वृद्धि के बाद रेनॉल्ट इंडिया ने मारुति सुजुकी, हुंदई, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया और होंडा कार्स के साथ एक लंबा सूचीबद्ध वाहन निर्माताओं के पंजे को भी जोड़ दिया है। यह निर्माताएं भी मई महीने से वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही हैं। कंपनी का निर्णय उन्हें कठिनाई में डाल सकता है, लेकिन उन्होंने यह कदम अपने उच्च गुणवत्ता वाहनों की सपोर्ट सेवाएं और नवाचार से अपना रेंज बनाए रखने के लिए उठाया है। इस निर्णय के परिणामस्वरूप, ग्राहकों को वाहन की खरीद पर अब अधिक खर्च करना पड़ सकता है। हालांकि, सतर्क रहना और विभिन्न ऑप्शन की तुलना करना महत्वपूर्ण होगा।

### आरबीआई के कार्यकारी निदेशक बने इंद्रनील भट्टाचार्य

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त करने की घोषणा की है। आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। भट्टाचार्य की नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले, भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने करीब तीन दशक की अवधि में मौद्रिक नीति विभाग, आर्थिक व नीति अनुसंधान विभाग और आरबीआई के अंतरराष्ट्रीय विभाग में मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, बैंकिंग तथा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के क्षेत्रों में काम किया है। उन्होंने कतर सेंट्रल बैंक (दोहा) कतर में गवर्नर के तकनीकी कार्यालय में पांच वर्ष (2009-14) तक आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में भी काम किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मुख्य रूप से मौद्रिक सिद्धांत व नीति, वित्तीय बाजार, बाजार सूक्ष्म संरचना और राजकोषीय नीति में उनकी रुचि है।

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ रही निवेशकों की रुचि, हुआ रिकॉर्ड निवेश

**नई दिल्ली।**

सोने की कीमतों में लगातार तेजी के दौरान गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेशकों की दिलचस्पी देखी जा रही है। 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह में ग्लोबल गोल्ड ईटीएफ में 3.1 बिलियन डॉलर का नेट इनफ्लो दर्ज किया गया। यह लगातार सातवां हफ्ता था जब गोल्ड ईटीएफ में निवेश का प्रवाह बना रहा। नफ्लो की इस तेजी से गोल्ड ईटीएफ का एसेट अंडर मैनेजमेंट रिकॉर्ड 325.2 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। कुल गोल्ड होल्डिंग 3,394 टन दर्ज की गई, जो जुलाई 2023 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अमेरिका में बीते हफ्ते अमेरिकी गोल्ड फंड्स में 2.1 बिलियन डॉलर का इनफ्लो देखा गया। यूरोप में 0.7 बिलियन डॉलर का निवेश आया। एशियाई बाजारों में भी निवेशकों की दिलचस्पी दिखी, जहां 0.2 बिलियन डॉलर का इनफ्लो दर्ज किया गया। एशिया में चीन सबसे आगे रहा, जहां गोल्ड ईटीएफ में 153.1 मिलियन डॉलर का निवेश आया। इस महीने अब तक गोल्ड ईटीएफ में कुल 3.5 बिलियन डॉलरका निवेश आ चुका है। अगर महीने के दूसरे हिस्से में कोई बड़ी निकासी नहीं होती, तो मार्च लगातार चौथा महीना होगा जब गोल्ड ईटीएफ में नेट इनफ्लो देखा गया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और संभावित ट्रेड वॉर की आशंका के चलते गोल्ड को सेफ-हेवन एसेट के रूप में अपनाया जा रहा है। निवेशक अपने पोर्टफोलियो को सुरक्षित करने के लिए गोल्ड ईटीएफ का रुख कर रहे हैं।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 900 अंक, निफ्टी 283 अंक ऊपर पहुंचा**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया है। साथ ही इस साल के अंत तक ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती करने का भी संकेत दिया है। इससे भी बाजार को बल मिला। इससे बाजारों में लगातार चौथे कारोबार सत्र में तेजी आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 899.01 अंक करीब 1.19 फीसदी की बढ़त लेकर 76,348 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 283.05 अंक तकरीबन 1.24 फीसदी बढ़कर 23,190.65 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.64 फीसदी और 0.70 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। सभी रीजनल इंडेक्स आज बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें निफ्टी आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, रियल्टी, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर सूचकांक में एक फीसदी से अधिक की बढ़त रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल के शेयर 4 फीसदी से ज्यादा ऊपर आये। इसके अलावा टाइटन, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एन्ड महिंद्रा, एचडीएफ़सी बैंक, सन फार्मा, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, मारुति के शेयर भी उछले।

वहीं दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस के अलावा अल्ट्रा टेक सीमेंट के शेयर नीचे आये।

बाजार के जानकारों के अनुसार इस तेजी का कारण इससे निवेशकों का अच्छी क्वालिटी वाले शेयर खरीदने की तरफ बढ़ता रुझान है।

इसके अलावा मैक्रोइकॉनोमिक डेटा ने आर्थिक ग्रोथ की गति कम होने की आशंकाओं को कम कर दिया है। इससे बाजार की धारतणा प्रभावित हुई है। इसी कारण तीन तिमाहियों की सुस्ती के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत दिख रहे हैं। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में जीडीपी 6.2 फीसदी बढ़ी है।

अमेरिकी फेड ने अपनी मार्च पॉलिसी मीटिंग में यथास्थिति बनाए रखी पर इसने संकेत दिया कि दर में इस साल दो बार दर में कटौती हो सकती है। इसके अलावा, फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल आक्रामक नहीं दिखे। इससे भी बाजार में सकारात्मक रुझान आया है। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) में लगातार गिरावट ने एफआईआई की बिकवाली की तीव्रता को कम कर दिया। इससे भी घरेलू बाजार को बल मिला है।

अमेरकी फेड रिजर्व ने बुधवार को ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया, जो पहले से अनुमानित था। हालांकि, केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने संकेत दिया कि वे इस साल के अंत तक ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती कर सकते हैं।

यह फैसला धीमी आर्थिक वृद्धि और आने वाले महीनों में संभावित रूप से घटती महंगाई के मद्देनजर लिया गया है।

इससे पहले आज सुबह बीएसई सेंसेक्स जोरदार तेजी के साथ 75,917.11 अंक पर खुला। सुबह शुरुआत में सेंसेक्स 436.37 अंक की बढ़त लेकर 75,885.42 पर चल रहा था।

### पीटीसी इंडिया ने पीटीसी एनर्जी में अपनी हिस्सेदारी ओएनजीसी ग्रीन को बेची




**नई दिल्ली।** पीटीसी इंडिया ने कहा है कि उसने प्राप्त की शेष 254 करोड़ रुपये की राशि के साथ पूरी हिस्सेदारी का अधिकार प्राप्त करने के बाद पीटीसी एनर्जी में अपनी हिस्सेदारी को बेचने की घोषणा की है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन ग्रीन लिमिटेड से 925 करोड़ रुपये के साथ कुल 1,179 करोड़ रुपये प्राप्त करने के बाद, कंपनी ने 19 मार्च को पीटीसी एनर्जी लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेचने की घोषणा की है। इस घटना ने शेयर बाजार को अचानक हलचल में डाल दिया है। अनुदान और निवेश कंपनी पीटीसी इंडिया के इस निर्णय ने बाजार में चर्चा का विषय बना दिया है। इसके साथ ही ओएनजीसी ग्रीन लिमिटेड के स्टॉक की कीमतों में भी भरपूर उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पीटीसी इंडिया ने बताया है कि इस पूरे सौदे का मुख्य उद्देश्य उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करना और कंपनी की वृद्धि में मदद करना है।

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड, चांदी भी चमकी

**- सोने का भाव 89,796 रुपये, चांदी फिर 1 लाख के पार**

**नई दिल्ली।**

सोने के भाव आए दिन नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। घरेलू और वैश्विक दोनों बाजार में गुरुवार को फिर सोने के वायदा भाव ने नया रिकॉर्ड बना लिया। घरेलू बाजार में इसके वायदा भाव 89,796 रुपये पर और वैश्विक बाजार में 3065.20 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। चांदी की वायदा कीमतों में भी आज तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 858 रुपये की तेजी के साथ 89,460 रुपये भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 88,602 रुपये था। इस समय यह 327 रुपये की तेजी के साथ 88,829 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 89,796 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 88,914 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने 89,796 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 575 रुपये की तेजी के साथ 1,00499 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 99,924 रुपये था। इस समय यह 572 रुपये की तेजी के साथ 1,00496 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,00651 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,00440 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने पिछले सप्ताह 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में




सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,058 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,041.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 16.50 डॉलर की तेजी के साथ 3,057.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसके भाव आज वायदा और हाजिर दोनों मार्केट में ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। इस समय इसने वायदा में 3065.20 और हाजिर में 3055 डॉलर के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 34.42 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 34.20 डॉलर था। इस समय यह 0.25 डॉलर की तेजी के साथ 34.45 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### इरेडा सतत बॉण्ड के जरिये 1,247 करोड़ जुटाएगी




**नई दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने भारत के हरित ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विस्तार को समर्थन करने के लिए 1,247 करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपना पहला सतत बॉण्ड जारी किया है। इस बॉण्ड को 8.40 प्रतिशत की वार्षिक कूपन दर पर जारी किया गया है। इसका उद्देश्य है हमारे पूंजी आधार को मजबूत करके नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण बढ़ाना। इरेडा के चेयरमैन ने कहा कि स्थायी बॉण्ड के माध्यम से वे स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकेंगे। इस बीच, इरेडा को आयकर विभाग से 24.48 करोड़ रुपये का पुनर्भुगतान प्राप्त हुआ है, जो कुछ अस्वीकृतियों से संबंधित आंशिक राहत के लिए दिया गया है। यह बॉण्ड इरेडा के ऊर्जा परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करके भारतीय हरित ऊर्जा क्षेत्र को और भी मजबूत बनाने में मदद करेगा। यह कदम एक सुधारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है जो हमारे देश के समृद्धि और स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण है।

# बीसीसीआई ने गेंद पर लार लगाने पर लगे प्रतिबंध को हटाया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र से गेंद पर लार लगाने के प्रतिबंध को हटा दिया है। बीसीसी ने ये फैसला कप्तानों की सहमति के बाद लिया है। इससे पहले कई गेंदबाजों ने लार पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी। मुंबई में गुरुवार को हुई कप्तानों की बैठक में यह फैसला लिया गया। इससे तेज गेंदबाजों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'लार पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। अधिकांश कप्तान इसके पक्ष में थे। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था और बाद में 2022 में विश्व संस्था ने इस प्रतिबंध को स्थायी कर दिया था। वहीं आईपीएल ने भी कोविड-19 महामारी के बाद लीग में खेल की शर्तों में आईसीसी प्रतिबंध को शामिल किया पर इसके दिशानिर्देश खेल की संचालन संस्था आईसीसी के दायरे से बाहर हैं। इस तरह आईपीएल कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। क्रिकेट में गेंद पर लार लगाने से गेंद की स्विंग और रिवर्स स्विंग को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। नई गेंद पर एक तरफ चमक बनाए रखने से हवा की गति प्रभावित होती है। जिससे गेंदबाज उसे स्विंग करा सकते हैं। पुरानी गेंद के एक तरफ चमक बनाए रखने और दूसरी तरफ उसे अधिक खुरदरा छोड़ने से गेंद उल्टी दिशा में स्विंग करने लगती है जिससे बल्लेबाज को खेलना मुश्किल हो जाता है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा था कि गेंद पर लार लगाने की जरूरत है, वरना यह खेल पूरी तरह से बल्लेबाजों के पक्ष में हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के वेर्नोन फिलैंडर और न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने भी इसका समर्थन किया था।



# रिकल्टन के आने से मुम्बई इंडियंस को होगा लाभ : डिविलियर्स




**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा है कि मुंबई इंडियंस को नये बल्लेबाज रेयान रिकल्टन के आने से लाभ होगा। मुम्बई की टीम अपने पहले मुकाबले में 23 मार्च को 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलेगी। डिविलियर्स के अनुसार मुम्बई टीम को इस मुकाबले में अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में खेलना है जिसकी पिच रिकल्टन की बल्लेबाजी शैली के अनुरुप ही हैं। रिकल्टन को पिछले साल जेद्दा में हुई मेगा नीलामी में मुंबई ने खरीदा था। और वह पहली बार आईपीएल में खेलने जा रहे हैं। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। मुंबई इंडियंस ने केपटाउन के लिए 8 मैचों में 48 की औसत और 178.72 की स्ट्राइक-रेट से 336 रन बनाये थे।

डिविलियर्स ने कहा कि रिकलटन को आईपीएल में पूरा अवसर मिलना बहुत अच्छा है। रिकलटन अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। वह बहुत ही स्मार्ट क्रिकेटर हैं, लेकिन साथ ही वह बहुत ही विस्फोटक भी हैं। मुझे लगता है कि वानखेड़े स्टेडियम की विकेट रोहित शर्मा के साथ-साथ उनके लिए भी फायदेमंद होगी। रिकलटन हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट में दोहरा शतक बनाया और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ भी काफी रन बनाये।

डिविलियर्स ने मुंबई के लिए रिकलटन और रोहित की संभावित ओपनिंग जोड़ी पर कहा कि मुझे यह जोड़ी पसंद आई। इस आने वाले सीजन में मुंबई के लिए दाएं-बाएं हाथ की जोड़ी अच्छी रहेगी। रोहित और रिकलटन, डबल आर - मुझे लगता है कि वे शानदार होने जा रहे हैं। हम जानते हैं कि वानखेड़े स्टेडियम में, वहां बचाव करना मुश्किल है, साथ ही रन रेट को कम रखना भी कठिन है। इसलिए, मुझे लगता है कि ये दोनों इसका पूरा लाभ उठाएंगे।

# आईपीएल में इस बार तीसरे नंबर पर उतरेंगे श्रेयस अय्यर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। श्रेयस ने हालांकि अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है पर इस बार वह अपने क्रम में बदलाव करना चाहते हैं। श्रेयस आईपीएल के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अपना अलग प्रभाव दिखाना चाहते हैं। श्रेयस अभी भारत की टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं पर वह आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी का भी प्रयास कर रहे हैं। केकेआर ने पिछले सत्र में अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था। अय्यर ने तब मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी।

श्रेयस ने मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ बातचीत करते हुए कहा, ''हम सभी जानते हैं कि आईपीएल भारतीय क्रिकेट का अभिन्न अंग है और अगर मैं टी20 में किसी एक स्थान पर अपने को स्थापित करना चाहूंगा तो वह तीसरा नंबर होगा। मेरा ध्यान इसी पर है। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम इसको लेकर कोई योजना बना रहे हैं कि मुझे किस नंबर पर बल्लेबाजी करनी है। इस बार मैं बल्लेबाजी क्रम में अपने नंबर को लेकर स्पष्ट हूं और जब तक कोच का मुझे समर्थन मिलता रहेगा मैं उस नंबर पर ही खेलूंगा।''

वहीं कोच पोंटिंग ने अय्यर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस भारतीय खिलाड़ी के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्सुक हैं।ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''मैं श्रेयस के साथ दोबारा काम करने के लिए बेसब्र था। लंबे समय तक दिल्ली में हमारे बीच बहुत अच्छे कामकाजी रिश्ते रहे। वह उन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है। वह बहुत अच्छा इंसान है और आईपीएल विजेता कप्तान है। आपको इससे ज्यादा और क्या चाहिए। आईपीएल में पंजाब किंग्स अपना पहला मैच 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

# आईपीएल में केकेआर-आरसीबी में रोमांचक मुकाबला होने की संभावना

**–नये कप्तानों के साथ उतरेंगी दोनो ही टीमें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2025 सत्र का पहला मुकाबला 22 मार्च को गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें नये कप्तान के साथ उतरेंगी। केकेआर की कप्तानी जहां आजिंक्य रहाणे करेंगे। वहीं आरसीबी की कमान रजत पाटीदार के पास रहेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों जीत से शुरुआत करने उतरेंगी। ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है। आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर भारी पड़ती दिख रही है। अब तक केकेआर और आरसीबी के बीच अब तक 34 मुकाबले खेले गये हैं। इनमें से 20 केकेआर ने जीते हैं जबकि 14 मैचों में आरसीबी विजयी रही है। वहीं पिछले 5 मैचों पर नजर डालें तो भी केकेआर 4 मैच जीती




है जबकि बेंगलुरू की टीम को केवल एक जीत मिली है।

केकेआर ने पिछले साल के कप्तान श्रेयस अय्यर की जगह इस बार रहाणे को टीम की कमान दी है। वहीं आरसीबी ने फाफ डू प्लेसी की जगह रजत पाटीदार को कमान सौंपी है। वहीं ईडन गार्डेन की पिच बल्लेबाजों के अनुरुप है। पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए जहां अच्छी उछाल रहती है, इसके अलावा स्पिनरों को भी इसमें सहायता मिलती है। इसी कारण ईडन गार्डेन में बड़ा स्कोर बनता है। नई गेंद से अगर तेज गेंदबाजों के लिए मदद है तो स्पिनर भी अच्छा खासा प्रभाव डालते हैं। इसलिए एक प्रकार का संतुलन बना रहता है।

ईडन गार्डन में अब तक आईपीएल के 93 मैच खेले गए हैं। इनमें से 38 मैच पहले बल्लेबाज करने वाली टीम ने जीते हैं जबकि बाकी 55 मैचों पर बाद में बल्लेबाज करने वाली टीम सफल रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि यहां लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक होती है।

**केकेआर (संभावित):** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन,क्विंटन डी कॉक, मनीष पांडे, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वरुण चक्रवर्ती।


**आरसीबी (संभावित):** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट, देवदत्त पडिक्कल,क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, लुंगी एंगिडी, यश दयाल।

# चैंपियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम को 58 करोड़ रुपए का इनाम देगी बीसीसीआई

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम को 58 करोड़ रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।भारतीय टीम ने खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।ये तीसरी बार है जब भारतीय टीम ने ट्रॉफी जीती है।बीसीसीआई ने इनामी राशि के साथ ही कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ के अलावा चयन समिति को भी इनाम देने की घोषणा की है।बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, 'लगातार 2 आईसीसी खिताब जीतना विशेष बात है।यह इनाम टीम इंडिया की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का सम्मान है।'बीसीसीआई ने इससे पहले आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपए इनाम दिए थे। यह राशि भी खिलाड़ियों के साथ–साथ कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और सेलेक्शन कमेटी के सदस्यों में बांटी गई थी।



# रियान पराग करेंगे राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी



नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज रियान पराग को 22 मार्च से शुरू होने जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का नया कप्तान बनाया गया है।अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण पराग को कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है।वह पहली बार कप्तानी करेंगे।वहीं नियमित कप्तान सैमसन सत्र के शुरुआती तीन मैचों में इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। सैमसन को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने विकेटकीपिंग करने की अनुमति नहीं दी है।ऐसे में वह केवल बल्लेबाज के तौर पर ही उतरेंगे। इसी कारण कप्तानी की जिम्मेदारी रियान को मिली है।सैमसन पिछले माह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी–20 मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद का सामना करते समय चोटिल हो गये थे। उनकी अंगुली में चोट लगी थी।जिसकी सर्जरी हुई है।तभी से वह बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंट में रिहैब के दौर से गुजर रहे थे।

# आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं रोहित



नई दिल्ली ।आईसीसी चैम्पयंस ट्रॉफी में जीत के बाद अब रोहित शर्मा आईपीएल सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की टीम को अपने पहले ही मैच में 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में रोहित ने जिस तरह की पारी खेली उससे संकेत मिलते हैं वह आईपीएल में भी आक्रामक रुख में ही दिखेंगे। रोहित ने पिछले कई आईपीएल में टीम के लिए जबरदस्त प्रदर्शन किया है।रोहित ने अभी तक आईपीएल में 257 मैच खेले हैं।इस दौरान उन्होंने 6628 रन बनाए हैं।रोहित के नाम आईपीएल में 2 शतक और 43 अर्धशतक हैं।हैरानी की बात ये है कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी करते हुए 15 विकेट भी लिए हैं।चैंपियंस ट्रॉफी की जीत और उनका खेलने का अंदाज इस बार उनको और खतरनाक बल्लेबाज बना सकता है।टीम की कप्तानी हालांकि अब हार्दिक पंड्या के पास है।उनकी कप्तान में टीम सत्र पहला मैच चेन्नई से खेलेगी।यह मुकाबला 23 मार्च को खेला जाएगा।वहीं मुंबई का दूसरा मैच गुजरात टाइटंस से है। यह मुकाबला 29 मार्च को खेला जाएगा।टीम अगले मैच में कोलकाता से खेलेगी।यह मुकाबला 31 मार्च को खेला जाएगा। इसी तरह उसका आखिरी लीग मैच दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच 15 मई को आयोजित होगा।रोहित की कप्तानी में मुम्बई ने पांच बार खिताब जीता था। अब देखना है कि ये सफलता पड़्या आगे बढ़ा पाते हैं या नहीं।

# तलाक के बाद युजवेंद्र चहल की टी-शर्ट ने खींचा ध्यान, स्लोगन ने प्रशंसकों को चौंकाया

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल और डांसर धनश्री वर्मा का आखिरकार तलाक हो गया। दिसंबर 2020 में शादी करने के बाद दोनों जून 2022 से अलग रह रहे थे। पिछले ढाई साल से एक-दूसरे से अलग रहने के बाद दोनों अब कानूनी तौर पर शादी के बंधन से आजाद हो गए। मुंबई के बांद्रा स्थिति फैमिली कोर्ट में युजवेंद्र चहल-धनश्री वर्मा के तलाक के मुकदमे पर अंतिम फैसला सुनाया गया। वकीलों ने बाहर आकर इसकी जानकारी दी। इस दौरान युजवेंद्र चहल भी उनके साथ थे। उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, उनकी टी-शर्ट पर लिखे विशेष संदेश जरूर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

युजवेंद्र चहल जब बांद्रा स्थित फैमिली कोर्ट पहुंचे तो उन्होंने टी-शर्ट पहन रखी थी। उसके सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। युजवेंद्र चहल ने काले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। टी-शर्ट पर लिखा था,'Be Your own Sugar Daddy' बी योर ओन सुगर डैडी का अर्थ होता है कि खुद को वित्तीय रूप से सक्षम और स्वतंत्र बनाना और अपनी जरूरतों और इच्छाओं को पूरा करने के लिए किसी और पर निर्भर रहने के बजाय खुद पर निर्भर रहना है।

चहल का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। साथ ही फैंस का कहना है कि चहल की टी-शर्ट पर लिखा संदेश कहीं ना कहीं धनश्री के लिए है। चहल के साथ तलाक के बाद धनश्री को कुल 4.75 करोड़ रुपये देने पर सहमति बनी है। इसके अलावा दोनों पिछले ढाई साल से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे, इसलिए कहा जा रहा है कि इस संदेश के पीछे कोई वित्तीय पहलू है। वर्तमान में इस बात पर चर्चा चल रही हैकि इस संदेश का अर्थ ये है कि अगर आपकी कुछ काल्पनिक आवश्यकताएं हैं तो आपको उन्हें पूरा करने लिए पर्याप्त धन अर्जित करना चाहिए न कि दूसरों पर बोझ डालना चाहिए या उन्हें परेशान करना चाहिए।



# हार्दिक पांड्या जैसा प्लेयर न हो मैच से बाहर, इसलिए बीसीसीआई ने बदल दिया नियम



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए खेल की शर्तों में संशोधन किया है, जिसमें सबसे उल्लेखनीय बदलाव ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है जिसकी कीमत कप्तानों को चुकानी पड़ती है। बीसीसीआई ने फैसला किया है कि कप्तानों पर अब मैच प्रतिबंध नहीं लगेगा। इसके बजाय, उन्हें डिमेरिट अंकों के साथ दंडित किया जाएगा। केवल बड़े मामलों में प्रतिबंध लगाया जाएगा। ताजा आदेश हार्दिक पांड्या के मामले में सामने आया है। हार्दिक को पिछले सीजन के आखिरी मैच में स्लो ओवर रेट के कारण एक मैच का प्रतिबंध झेलना पड़। इसी कारण इस सीजन की शुरूआत में हार्दिक पांड्या पहला मुकाबला नहीं खेल पाएंगे।

मुंबई में बीसीसीआई कार्यालय में आयोजित कप्तानों और प्रबंधकों की बैठक में बीसीसीआई ने 10 फ्रेंचाइजी के थिंक-टैंक को सूचित किया कि धीमी ओवर गति के अपराधों के लिए कोई मैच प्रतिबंध नहीं होगा। इसके बजाय, आईसीसी की तरह एक प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें अपराध की गंभीरता के आधार पर कप्तान को डिमेरिट अंक दिए जाएंगे। ये डिमेरिट अंक 3 साल की अवधि के लिए जारी रहेंगे।

कप्तान को डिमेरिट अंकों के साथ दंडित किया जाएगा, लेकिन धीमी ओवर-रेट के लिए मैच प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ेगा। लेवल 1 के अपराध पर 25 से 75 प्रतिशत मैच फीस के साथ डिमेरिट अंक काटे जाएंगे, जिसकी गणना अगले तीन वर्षों के लिए की जाएगी। लेवल 2 के अपराध को अगर गंभीर माना जाता है तो उसके परिणामस्वरूप 4 डिमेरिट अंक मिलेंगे। प्रत्येक 4 डिमेरिट अंक जमा होने पर, मैच रेफरी 100 प्रतिशत जुर्माना या अतिरिक्त डिमेरिट अंक के रूप में जुर्माना लगा सकता है। इन डिमेरिट अंकों के कारण भविष्य में मैच पर प्रतिबंध लग सकता है। लेकिन धीमी ओवर गति के लिए मैच पर प्रतिबंध (तुरंत) नहीं लगाया जाएगा।

आईपीएल में धीमी ओवर-रेट के कारण कुछ कप्तानों पर मैच-बैन लगाया गया है। पिछले सीजन में ऋषभ पंत को अपनी टीम की धीमी ओवर-रेट के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक महत्वपूर्ण मैच छोड़ना पड़ा था, जबकि हार्दिक पांड्या पिछले सीजन में ओवर-रेट अपराध के कारण आईपीएल 2025 के मुंबई इंडियंस के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे।

# फिर से मैदान पर लौट सकेंगे शाकिब अल हसन, मिली 'क्लीन चिट'




ढाका ।बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे।शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं।वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं।शाकिब ने कहा, 'यह खबर सही है (गेंदबाजी टेस्ट में खरा उतरना) और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई।उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था।पिछले साल दिसंबर में इंग्लिश काउंटी सर्रे के लिए खेलते हुए उनके एक्शन की शिकायत हुई थी और उसे अवैध ठहराया गया था।इसके बाद शाकिब ने जनवरी में चेन्नई में टेस्ट कराया लेकिन उनका एक्शन वैध करार नहीं दिया गया।इसी वजह से आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से उन्हें बाहर रहना पड़ा।बांग्लादेश को अब श्रीलंका से वनडे श्रृंखला खेलनी है जिसमें वह भाग ले सकते हैं।वह आईपीएल का पीएसएल का हिस्सा नहीं हैं।आईपीएल की नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला।

# सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में नजर आये शमी

हैदराबाद ।तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यहां के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में नजर आये।शमी को गत वर्ष हुई नीलामी में सनराइजर्स ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था।शमी को ऑरेंज जर्सी में देखने के लिए काफी संख्या में प्रशंसक भी पहुंचे थे।स्टेडियम के बाहर लगी विशाल स्क्रीन पर शमी का एक वीडियो चलाया गया जिसमें वह तेजतर्रार यॉर्कर फेंकते और बल्लेबाजों के स्टंप्स उड़ाते दिखे।इसके बाद शमी सामने आ गए।उन्होंने नारंगी जर्सी पहनी थी जिस पर उनका नाम बड़े अक्षरों में लिखा था।भीड़ ने तालियों और नारों से शमी!शमी!ऑरेंज आर्मी! बोलकर उनका स्वागत किया।




शमी ने भी माइक लिया और प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा कि हैदराबाद मेरा नया घर है।यह जर्सी पहनना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं वादा करता हूं कि हर गेंद में आग होगी, और हर मैच में हैदराबाद के लिए जी–जान लगा दूंगा।उनकी आवाज में आत्मविश्वास था, और आंखों में वही चमक थी जो मैदान पर दिखती है।शमी इसके बाद अभ्यास सत्र में उतरे।टीम के कप्तान पैट कमिंस ने उनसे साथ गेंदबाजी रणनीति पर बात की।वहीं ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा इस दौरान नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे, और शमी ने उन्हें गेंदबाजी की।पहली ही गेंद पर शमी ने हेड को एक तेज इनस्विंगर डाली, जो स्टंप्स के बेहद करीब से निकली।इस पर हेड ने हंसते हुए कहा, शमी भाई, पहले दिन से ही हमें डराने का इरादा है क्या? अगली गेंद पर अभिषेक का ऑफ स्टंप उखड़ गया।कोच डैनियल वेटोरी इसपर तालियां बजाते दिखे।

# मुक्केबाजी लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल, आइओसी में बनी आम सहमति

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कोस्टा नवारिनो (यूनान) ¬ मुक्केबाजी को गुरुवार को 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 144वें सत्र के दौरान सभी सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। जब आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने लॉस एंजिलिस खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने के पक्ष में सभी से हाथ उठाने को कहा तो सभी सदस्यों ने विधिवत सहमति व्यक्त की। कोई भी सदस्य मतदान से अनुपस्थित नहीं रहा और किसी ने भी इसके विरोध में मतदान नहीं किया।

बाक ने कहा, 'ओलंपिक कार्यक्रम में मुक्केबाजी को वापस शामिल करने की मंजूरी के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हम एक शानदार मुक्केबाजी टूर्नामेंट की उम्मीद कर सकते हैं। ऐसा अक्सर नहीं होता है जबकि किसी खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल करने पर सर्वसम्मति बने।'

आईओसी के फरवरी 2022 में हुए सत्र में मुक्केबाजी को ओलंपिक 2028 की शुरुआती कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि तत्कालीन खेल निकाय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहा था। आईओसी ने प्रशासन, इसके वित्त और मुकाबलों और निर्णय की अखंडता पर लंबे समय से चल रहे विवादों के बाद आईबीए को निलंबित कर दिया था।

तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में आईओसी के विशेष टास्क फोर्स की निगरानी में मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रकार 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' का गठन यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि मुक्केबाजी ओलंपिक खेल बना रहे। आइओसी ने पिछले साल हालांकि स्पष्ट कर दिया था कि मुक्केबाजी को ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों को नए अंतरराष्ट्रीय महासंघ के बारे में आम सहमति बनानी होगी। बाक ने नई संचालन संस्था को भी बधाई दी, जिसे आईओसी ने पिछले महीने मान्यता दी थी। नई मुक्केबाजी संस्था के पास अब 80 से अधिक राष्ट्रीय संघों की सदस्यता है।





# पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी ने रंग डारो से किया डेब्यू, अभिनेता ने बताया खास पल

**पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी त्रिपाठी अपने पहले म्यूजिक वीडियो रंग डारो के साथ डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पत्नी मृदुला के लिए अपनी बेटी को स्क्रीन पर देखना एक खास पल है।**

पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी त्रिपाठी अपने पहले म्यूजिक वीडियो रंग डारो के साथ डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पत्नी मृदुला के लिए अपनी बेटी को स्क्रीन पर देखना एक खास पल है।
बेटी के डेब्यू के बारे में पंकज त्रिपाठी ने कहा, आशी को स्क्रीन पर देखना हम दोनों के लिए एक भावनात्मक और गर्व का क्षण है। वह हमेशा से ही परफॉर्मिंग आर्ट्स को लेकर जुनूनी रही है और अपने पहले ही प्रोजेक्ट में शानदार काम करते देखना खास रहा। उन्होंने कहा, अगर यह उसका पहला कदम है, तो मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि उसका सफर उसे कहां ले जाता है।
मैनाक भट्टाचार्य और संजना रामनारायण के गाए गए 'रंग दारो' को अभिनव आर कौशिक ने कंपोज किया है। यह एक सॉफ्ट, रोमांटिक गाना है, जो प्यार और कला के सार को खूबसूरती से दिखाता है। जब संगीतकार अभिनव आर. कौशिक ने वीडियो में आशी को शामिल करने के लिए मृदुला त्रिपाठी से संपर्क किया, तो उन्होंने पंकज से इस बारे में बात करने का फैसला किया और पंकज ने इस निर्णय का समर्थन किया।
पंकज की पत्नी मृदुला त्रिपाठी ने कहा, जब अवसर आया, तो मैं यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि आशी कुछ ऐसा करें जो उनकी कलात्मकता के अनुरूप हो। रंग डारो एक खूबसूरत प्रोजेक्ट है और उसे स्क्रीन पर भावनाओं को सजाते देखना हमारे लिए बेहद खास रहा। हम उसे आगे बढ़ते और इंडस्ट्री में अपना रास्ता बनाते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।
जार पिक्चर्स ने इस वीडियो को जारी किया है, जिसमें आशी एक पेंटर की भूमिका में है। आशी वर्तमान में मुंबई स्थित एक कॉलेज में अपनी पढ़ाई कर रही हैं। पंकज त्रिपाठी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' में नजर आए थे। फिल्म में पंकज त्रिपाठी के साथ राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना अहम भूमिकाओं में हैं। पंकज त्रिपाठी के पास निर्माता-निर्देशक अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' है, जो 4 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख भी हैं। 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' का सीक्वल है, जो 2007 में रिलीज हुई थी।



# फिल्म तुमको मेरी कसम लड़कियों को बहुत पसंद आएगी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने बीते सालों में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। उन्होंने केरल स्टोरी से लेकर बस्तर तक में खुद को मजबूत एक्ट्रेस के तौर पर साबित किया है। अदा अपनी नई फिल्म तुमको मेरी कसम लेकर आ रही हैं। इसमें अनुपम खेर से लेकर ईशा देओल जैसी कास्ट हैं। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही अदा की तारीफ हो रही है।

**फिल्म का ट्रेलर बहुत एक्साइटिंग हैं, फिर से आपका अलग और स्ट्रॉन्ग कैरेक्टर है, शूटिंग का एक्सपीरियंस बताएं**

विक्रम भट्ट के साथ 1920 के बाद काम कर रही हूं। उन्होंने मुझे मेरी पहली फिल्म दी। उस वक्त मैंने कुछ काम नहीं किया था। उन्होंने मुझपर भरोसा दिखाया। एक्टिंग पर उंगली नहीं उठाई उन्होंने मेरी। ना मैं किसी की रिलेटेड हूं बॉलीवुड में। मामा, चाचा पापा मम्मी कोई नहीं है इंडस्ट्री में। तो उन्होंने मुझे एक्टिंग देखकर काम दिया। इस बार भी किरदार एकदम अलग है। इस बार भी कुछ ऐसा ही आने वाला है।

**फिल्म का टॉपिक सेंसेटिव है, क्या लगता है समाज में किस तरह से जाएगी और लोग इसे कैसे लेंगे**


केरल स्टोरी में भी जो टॉपिक था, लोग कहते थे ऐसा हो ही नहीं रहा है। बस्तर के बारे में भी लोगों को पता ही नहीं था। जो भी फिल्म देखेगा उनको मर्दानगी का अलग मतलब देखने को मिलेगा। लड़कियों को बहुत ज्यादा पसंद आएगी फिल्म। लड़के और लड़की के लिए बराबर ही है फिल्म।

**आज के सिनेमा की बात करें तो बॉक्स ऑफिस नंबर मायने रखते हैं, कमाई को लेकर एक्टर्स को आंकते हैं, आप इसे कैसे देखती हैं**

बॉक्स ऑफिस नंबर बहुत मुश्किल है बताना। केरल स्टोरी में छोटी स्टारकास्ट थी लेकिन चली फिल्म। बड़े स्टार्स की फिल्में भी पिट रही हैं। लोग तंग आ गए हैं फिल्मों से। आप अच्छा काम नहीं कर रहे हैं तो लोगों को देखना ही नहीं है। आप अच्छा देंगे तभी फायदा मिलेगा। केरल स्टोरी 350 करोड़ कमाई तब लोग बोले कि कितनी अच्छी फिल्म है। मुझे लोगों से बहुत प्यार मिलता है जो मैं करती हूं।

**फिल्म की स्टारकास्ट बहुत अच्छी है, ईशा देओल और अनुपम खेर के साथ काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा**

दोनों बहुत अच्छे स्टार हैं। अनुपम खेर सबकुछ करते हैं। हर तरह के किरदार निभाते हैं। मुझे भी उनके जैसे ही काम करना है। उन्होंने केरल स्टोरी देखकर भी मेरी बहुत तारीफ की थी। मुझे भी ये करना अच्छा लगता है। जब कोई अच्छा काम करे तो उसकी तारीफ करनी चाहिए। ये खुलकर कहना अच्छा लगता है सबको। लोग दिल में बातें रखते हैं अपनी।



# सनी देओल की जाट के लिए रणदीप हुड्डा ने बढ़ाया वजन

अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आगामी फिल्म जाट के लिए एक बार फिर से अपने हुनर को साबित किया है। एक क्रूर गैंगस्टर रणतुंगा की भूमिका निभाते हुए रणदीप ने खुद को पूरी तरह से किरदार में ढाल लिया है। उन्होंने मांसपेशियों का वजन बढ़ाया है और अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर काम किया है, ताकि अपनी सबसे खतरनाक और भयंकर भूमिका को पर्दे पर उतार सकें।

### रणदीप ने बढ़ाया वजन

अभिनेता ने आठ किलो वजन बढ़ाया, क्योंकि यह प्रोजेक्ट वीर सावरकर के ठीक बाद था, जहां उन्होंने भारी मात्रा में वजन कम किया था। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, रणदीप हर भूमिका को निभाने के लिए अपने अनोखी सोच के लिए जाने जाते हैं और जाट भी इससे अलग नहीं हैं। पहले दिन से ही वे रणतुंगा को एक वास्तविक रूप से भयावह खलनायक बनाने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने किरदार को एक रॉ लुक देने के लिए अपने बाल बढ़ाए और अधिक भयावह अवतार देने के लिए अपने शरीर पर काम किया।

### खतरनाक होगा जाट में रणदीप का किरदार

आगे बताया गया कि विवरण पर रणदीप का ध्यान बेजोड़ है और वह सुनिश्चित करते हैं कि उनके प्रदर्शन का कोई भी पहलू नकली न लगे। चाहे वह सरबजीत हो, स्वतंत्र वीर सावरकर हो या अब जाट, रणदीप कभी भी किरदार पर मेहनत करने से पीछे नहीं हटते। अपने द्वारा निभाए जाने वाले किरदार में वह पूरी तरह से ढल जाते हैं और प्रशंसक उनके इसी अंदाज की प्रशंसा करते हैं। रणतुंगा के साथ वे रणदीप का एक ऐसा रूप देखने जा रहे हैं, अधिक खतरनाक और वास्तव में डरावना होगा।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

फिल्म का टीजर 6 दिसंबर को जारी किया गया था, जिसमें दर्शकों को एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म की झलक देखने को मिली। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित जाट में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसांद्रा जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।



# श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहती हैं तमन्ना

**बॉलीवुड साउथ की फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की एक खास दिली ख्वाहिश है। तमन्ना चाहती हैं कि वह बड़े पर्दे पर श्रीदेवी का किरदार निभाएं। दरअसल, तमन्ना को श्रीदेवी बेहद पसंद हैं और यही वजह है कि वह उनका किरदार निभाना चाहती हैं।**

तमन्ना की यह ख्वाहिश तब सामने आई है जब से बोनी कपूर ने श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल का एलान किया है। ओटीटी प्ले के अनुसार, खुशी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अपनी मां श्रीदेवी की बायोपिक को 100 साल बाद भी सही तरीके से नहीं कर पाएंगी। श्रीदेवी की आखिरी फिल्म मॉम एक रिवेंज-ड्रामा थी, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी थे। बहरहाल, यह फिल्म अभी जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। खुशी को श्रीदेवी की फिल्म में देखना चाहते हैं बोनी कथित तौर पर बोनी कपूर अपनी बेटी खुशी को मॉम के सीक्वल में देखना चाहते हैं। बोनी को लगता है कि खुशी इस किरदार के लिए बहुत अच्छी हैं। बोनी कपूर की बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री खुशी कपूर की फिल्म लवयापा हाल ही में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने डेब्यू किया था। उनकी दूसरी फिल्म नादानियांहै। इस फिल्म में खुशी के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने बॉलीवुड में कदम रखा।

### तमन्ना भाटिया की फिल्में


तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कथित तौर पर रेंजर नाम की फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति करेंगे। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा अजय देवगन और संजय दत्त भी नजर आ सकते हैं। हालांकि इस फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।


# अक्षय कुमार की भूत बंगला में शामिल हुए जिशु सेनगुप्ता

अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी भूत बंगला की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया था। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया था, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म के कलाकारों में तब्बू के शामिल होने से यह फिल्म और भी ज्यादा खास बन चुकी है। फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां सामने रही हैं। वहीं, अब इसमें एक और नए कलाकार की एंट्री हो गई है।
प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में अभिनेता जीशु सेनगुप्ता के रूप में नया नाम जुड़ गया है। बालाजी टेलीफिल्म्स ने शनिवार को जीशु सेनगुप्ता के जन्मदिन पर यह घोषणा की। जीशु सेनगुप्ता पहले से ही स्टार-स्टडेड कलाकारों में शामिल हो गए हैं जिनमें अक्षय कुमार, परेश रावल , तब्बू, राजपाल यादव, मिथिला पालकर और वामीका गब्बी शामिल हैं।

### फिल्म का निर्माण

भूत बंगला शोभा कपूर और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और कुमार के अपने प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स का प्रोडक्शन है। फिल्म का सह-निर्माता फारा शेख और वेदांत बाली हैं। कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि पटकथा रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने तैयार की है। शंकर ने भूत बंगला के लिए संवाद भी लिखे हैं।
फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रियदर्शन ने पिछले साल कहा था, यह हॉरर-कॉमेडी स्पेस में एक नया चरण होगा। भूत बंगला पौराणिक कथाओं और काले जादू पर आधारित है। यह हमारे वेदों और यहां तक कि महाभारत से प्रेरित है, लेकिन काला जादू प्रमुख विषय है। यह एक मजेदार फिल्म है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि उनकी फिल्म की कहानी महमूद की इसी नाम की फिल्म से कोई समानता नहीं है।





# सुकुमार साथ काम करेंगे शाहरुख पॉलिटिकल ड्रामा बेस्ड होगी फिल्म

**शाहरुख खान ने हील ही में साउथ फिल्म डायरेक्टर सुकुमार से मुलाकात की। जिसके बाद से यह खबर सामने आ रही है कि एक्टर की अगली फिल्म की कहानी पॉलिटिकल ड्रामा बेस्ड होगी। इस फिल्म को सुकुमार डायरेक्ट करेंगे।**

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख और सुकुमार रूरल पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा फिल्म में साथ काम करेंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान एंटी हीरो का रोल प्ले करेंगे। यह फिल्म देसी टच वाली होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख खान की सुपरस्टार इमेज देखने को मिलेगी। फिल्म में जाति जैसे सामाजिक मुद्दों को भी दिखाया जाएगा। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक कुछ भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। पहले खबर थी कि शाहरुख खान और सुकुमार इंटेंस और डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर में साथ काम करेंगे।

### पहले किंग और 'पठान 2' पर काम करेंगे शाहरुख

रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान पहले किंग और 'पठान 2' पर काम करेंगे। तो वहीं सुकुमार भी रामचरण के साथ अपनी अगली फिल्म RC-12 और पुष्पा- 3 में बिजी हैं। जिसके कारण शाहरुख और सुकुमार के प्रोजेक्ट को शुरू होने में काफी लंबा समय लगेगा।

### पहले भी साउथ डायरेक्टर्स के साथ काम कर चुके हैं

इससे पहले भी शाहरुख खान साउथ के कई फिल्ममेकर्स के साथ काम कर चुके हैं। साल 1998 में शाहरुख ने डायरेक्टर मणिरत्नम के साथ फिल्म दिल से में काम किया था। इसके बाद साल 2000 में साउथ सुपरस्टार और डायरेक्टर कमल हासन की फिल्म हे राम में नजर आए थे। साल 2001 में संतोष शिवन की फिल्म अशोक में भी काम किया था। संतोष शिवन ने फिल्म दिल से में बतौर सिनेमेटोग्राफर काम किया था। इतना ही नहीं साल 2002 में एक्टर, तमिल फिल्म डायरेक्टर के. एस. अधियमन के निर्देशन में बनी फिल्म हम तुम्हारे हैं सनम में नजर आए। इस फिल्म में शाहरुख के साथ सलमान और माधुरी दीक्षित भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छा परफॉर्मेंस नहीं रहा।

# नादानियां की आलोचना पर करण जौहर ने तोड़ी चुप्पी

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म नादानियां से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। इस पूरे मामले पर हाल ही में फिल्म के निर्माता करण जौहर ने प्रतिक्रिया दी है। इब्राहिम अली खान को करण जौहर ने लॉन्च किया है। फिल्म नादानियां धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है।

### कुछ तो लोग कहेंगे

करण जौहर आज मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म अकाल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। यहां उनसे नादानियां को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने नादानियां की अलोचना पर कहा, मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# विश्व वानिकी दिवस की पूर्व संध्या पर अग्रवाल महाविद्यालय में पौधारोपण कर जागरूकता अभियान चलाया गया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** आज दिनांक 20 मार्च 2025 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता व जनरल सेक्रेटरी दिनेश गुप्ता के कुशल दिशा-निर्देशन में तथा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस /विश्व वानिकी दिवस की पूर्व संध्या पर पौधारोपण कर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य वनों और पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सस्टेनेबल गोल्ड डेवलपमेंट क्लब के वॉलिंटियर्स के द्वारा किया गया। इस आयोजन के अवसर पर सर्वप्रथम डॉ देवेंद्र ने सभी वॉलिंटियर्स को वृक्षों तथा वनों के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। वन हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

जैव विविधता, मानव जीवन, आर्थिक विकास में वनों का अतुलनीय योगदान रहा है और रहेगा। इसी योगदान को साकार करते हुए इस अवसर पर सभी वॉलिंटियर्स ने शपथ ली कि हम वनों के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकजुट रहेंगे तथा लिए हम सब मिलकर वनों को बचाएंगे और एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे। महाविद्यालय के अलग-अलग कोनों को जरूरत के अनुसार चिन्हित कर सतत विकास क्लब के वॉलिंटियर्स द्वारा हरित वातावरण का संदेश देते हुए पौधारोपण के इस कार्यक्रम को अंजाम दिया गया। इस कार्यक्रम में



बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले विद्यार्थियों तथा सतत विकास क्लब के वॉलिंटियर्स का वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. केएल कौशिक ने उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित कर सतत विकास क्लब के गठन तथा उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रामचंद्र, एसडीजी क्लब के कोऑर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया और मैडम नेहा गोयल तथा व पवन दलाल का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के 37 पात्र परिवारों को जारी की गई पहली किस्त

## जिला में 37 लाभार्थियों को मिली 16 लाख 65 हजार की राशि

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** अब कोई भी परिवार प्रदेश में आवासहीन नहीं होगा, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जा रहे हैं। यह बात उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने कही। डीसी गुरुवार को लघु सचिवालय सथित सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के संबोधन से जुड़े। डीसी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का संदेश सुना और योजना के मद्देनजर प्रभावी ढंग से कदम उठाने का आश्वासन दिया। जिले में इस योजना के तहत 37 पात्र परिवारों को 16 लाख 65 हजार रुपये की राशि पहली किस्त मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सीधे पात्रों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। जिला उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की संयुक्त पहल से जिला में गरीब व आवासहीन परिवारों की पहचान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे शुरू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें पक्के मकान




सरकार की ओर से मुहैया कराए जा रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं सही ध्येय के साथ सही व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार काम कर रहा है। इसी प्रयास के तहत जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत पात्र 37 लाभार्थियों को कुल 16 लाख 65 हजार की राशि उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की गई है। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को प्रथम किस्त के रूप में 45 हजार रुपये दिए गए हैं।

डीसी ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी आवासहीन ग्रामीण परिवार अपने मोबाइल से स्वयं कुछ प्रक्रिया को पूरी करके अपने घर का सर्वे कर सकता है और सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकता है। सर्वे करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को अपने मोबाइल में दो जरूरी ऐप डाउनलोड करनी होंगी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिनके मकान कच्चे, टूटे हुए या जिनके मकानों में दरारें आई हुई हैं, खुद का पक्का घर नहीं है, जर्जर हालत में है या जो वास्तव में आवास योजना के लिए जरूरतमंद हैं, वे सभी परिवारों सर्वे कर इस योजना का लाभ जरुर उठाएं। परिवार द्वारा सर्वे किये जाने के बाद उस परिवार का सर्वे ऑनलाइन सर्वेयर को भेजा जाएगा। जिसके बाद उक्त गाँव का नियुक्त सरकारी सर्वेयर आपके घर का निरीक्षण करेगा और सत्यापन पूरा होते ही लाभार्थी को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। डीसी ने सभी ग्रामीणों से अपील कर कहा कि योजना के पात्र लोगों तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस तरह के सामूहिक प्रयास से सरकार के नीति व योजना का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, डीआईपीआरओ मूर्ति सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसके लिए नरेगा जॉब कार्ड अनिवार्य है। अगर किसी के पास नरेगा जॉब कार्ड नहीं हैं तो पहले नरेगा जॉब कार्ड बनवा लें। अगले स्टेप में लाभार्थी और मकान की फोटो लें। लाभार्थी की आखिरी सेल्फी लें।

# शब्द यात्रा द्वारा जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में भव्य साहित्यिक आयोजन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** शब्द यात्रा संस्था ने होली के विशेष अवसर पर 18 मार्च को जिम कॉर्बेट नेशनल उद्यान में भव्य अंतर्राजीय साहित्यिक सम्मिलन का आयोजन किया । इस साहित्यिक महाकुंभ में 42 शब्दयात्रियों ने भाग लिया और अपनी विचारधारा, संस्मरण, कविताएँ एवं कहानियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात संकल्प ने मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुकेश गंभीर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विदू कालरा जी उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि गुप्ता एवं बरखा यादव ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। यह केवल साहित्यिक यात्रा ही नहीं, अपितु एक आध्यात्मिक यात्रा भी थी क्योंकि



सभी यात्रियों ने कैंची धाम करौली बाबा के दर्शन का लाभ लिया एवं गिरिजा देवी मंदिर तथा हनुमान धाम में जाकर पुण्य अर्जित किया। इसके साथ ही जिम कॉर्बेट जाकर प्रकृति के सौंदर्य और कोसी नदी के बहते पानी की कल-कल के साथ पशु-पक्षियों के जीवन को बहुत करीब से देखने का आनंद भी प्राप्त किया। उम्र की सीमा को भूलकर सभी यात्रियों बचपन जिंदा कर आनंद, उल्लास एवं उमंग से भरकर गाते-बजाते यात्रा का भरपूर आनंद लिया और फूलों, गुजिया और होली के गीतों के साथ पांच दिवसीय होली के त्योहार में अपने उत्साह के अनेक रंग भर दिए। इस यात्रा ने न केवल साहित्यिक चेतना को जागृत किया, बल्कि आतमिक शांति का अनुभव भी कराया। कार्यक्रम में डॉ कृष्णा कुमारी, सीमा भारद्वाज, कमलेश यादव, अनु चड्ढा, मुकेश चड्ढा, गायत्री गांधी, मौनिका सोलंकी, तुषारिका,रेनू गुप्ता,अशोक कुमार गुप्ता, जगदीश मित्तर गांधी, स्मृति श्रीवास्तव, तान्या,अकीरा, गायत्री गाँधी,मुख्य अतिथि विदू कालरा ने शब्द यात्रा की विवेचना करते हुए सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और इस प्रकार के आयोजनों की महत्ता पर जोर दिया।

उन्होंने शब्द यात्रा की अध्यक्ष श्रीमती शारदा मित्तल एवं महासचिव प्रीति मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से साहित्य को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मुकेश गंभीर ने बताया कि वो शब्द यात्रा द्वारा आयोजित सभी यात्राओं में सहभागी रहे हैं और हर यात्रा और उसमें आयोजित कार्यक्रम अविस्मरणीय अनुभव रहा है। वहाँ उपस्थित सभी लोगों का कहना था कि वह शब्द यात्रा संस्था के साथ सदैव जुड़े रहना चाहेंगे और आगे भी हमेशा यात्रा पर साथ चलना चाहेंगे।

# अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस मनाया

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि) फरीदाबाद द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी का 168 वां बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर उदयचंद शास्त्री ने की। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षद भगवान सिंह, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, सचिन तंवर, श्रीमती मनीषा चौधरी, स्वामी वीरभद्र, सुमित रावत, नन्दकिशोर लोधी, लाखनसिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, अर्जुन सिंह लोधी, अजबसिंह लोधी, उदयचन्द द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर समिति संस्थापक/महासचिव लाखनसिंह लोधी ने अवंतीबाई लोधी की जीवनी



पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के जबलपुर के पास मनकेड़ी के जमींदार राव जुझार सिंह लोधी परिवार में हुआ था, बचपन से ही शस्त्रों से लगाव था। इनका विवाह रामगढ़ के युवराज विक्रमादित्य के साथ हुआ जिनकी दो संतानें अमान सिंह और शेरसिंह थे। 1857 स्वतंत्रता संग्राम की पहली नायिका जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया, एफआरआर रैडमैन द्वारा 1912 में सम्पादित मण्डला गजेटियर में इनकी वीरता की गौरवगाथा अंकित है। 15 जनवरी 1858 के युद्ध में रानी के पलटवार से कैप्टन वाडिंग्टन तो अपनी जान बचाकर भाग गया परन्तु वाडिंग्टन का बेटा रोमियो नामक बालक मैदान में रह गया जिसे सहृदयता रानी ने अंग्रेजी कैम्प में अपने सैनिकों से भिजवा दिया, वाडिंग्टन ने प्रभावित होकर रानी को पत्र लिखा कि आप बगावत छोड़ दें तो सरकार की ओर से आपका राज्य सुरक्षित रहेगा। रानी के मना करने पर वाडिंग्टन ने हमले किये जिस कारण रानी के कुशल नेतृत्व में कई युद्ध हुए, पुन:वाडिंग्टन ने 20 मार्च 1858 को लैफ्टिनेंट वार्टन एवं लैफ्टिनेंट कॉकवर्न और रीवा नरेश के साथ मिलकर हमला किया दोनों ओर से भयंकर युद्ध हुआ अंग्रेजी सेना काफी बड़ी होने के कारण। रानी ने घायल होने पर चारों ओर से घिरा देख स्वयं की कटार आत्मबलिदान कर देश पर शहीद हो गई। ऐसी वीरांगना की गाथा पाठ्यक्रम में शामिल करनी चाहिए। जिससे युवा पीढ़ी को पता चले कि आजादी कैसे मिली। इस अवसर पर जागेश्वर राजपूत, प्रेमसिंह लोधी, राजेश कुमार वर्मा, सुधीर कुमार लोधी, महावीर सिंह लोधी, मुकेश राजपूत, शीशपाल शास्त्री, प्रकाश चन्द, राकेश राजपूत, कंचन सिंह लोधी, जय सिंह, पवन राजपूत, ओमप्रकाश लोधी, नरेश कुमार लोधी, श्रीमती ज्योति, हरीश पाहवा, विनोद जादौन, मंजेश, हीरा लाल, रामगोपाल, रमेश कुमार, गौरव, इन्दर कुमार लोधी, आनंद लोधी आदि उपस्थित रहे।

# खुद को दिल्ली का डीसीपी बताने वाला फर्जी आईपीएस अफसर हुआ गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में पुलिस ने फर्जी आईपीएस अफसर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को दक्षिणी दिल्ली का डीसीपी सुरेंद्र चौधरी बताकर फरीदाबाद पुलिस से पायलट गाड़ी की मांग की थी। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आरोपी ने पकड़े जाने पर पहले पुलिस पर रौब झाडने. की कोशिश की। जब उसे पहचान पत्र दिखाने को कहा गया तो वह घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद उसकी सच्चाई सामने आई। मामले में एक महिला से छेड़छाड़ का भी एंगल सामने आया है। आरोपी गौरव शर्मा महरौली (दिल्ली) का रहने वाला है। पल्ला थाना के एसएचओ रणवीर सिंह ने बताया कि बुधवार रात फरीदाबाद सेंट्रल डीसीपी उषा को गौरव ने कॉल किया। उसने कहा कि मैं साउथ दिल्ली से आईपीएस डीसीपी सुरेंद्र चौधरी बात कर रहा हूं। मुझे किसी काम से फरीदाबाद आना है तो मेरे लिए कालिंदी कुंज से पायलट गाड़ी लगवाई जाए। इसके बाद डीसीपी सेंट्रल ने थाना पल्ला में फोन किया और कहा कि कोई आईपीएस कालिंदी कुंज के पास आने वाले हैं, वहां से उन्हें रिसीव कर लेना। एसएचओ ने बताया कि डीसीपी के निर्देश पर वे कालिंदी कुंज पहुंचे। वहां नीले रंग का कोट-पैंट पहने गौरव मिला, जो प्राइवेट कैब से आया था। वह खुद को साउथ दिल्ली का डीसीपी सुरेंद्र चौधरी बताकर उनकी गाड़ी में बैठ गया। कुछ दूर जाने पर उसे पूछा कि कहां जाना है। आप अपनी डेस्टिनेशन बताइए, वहीं छोड़ देंगे। इस पर गौरव ने कहा कि उसे वापस कालिंदी कुंज छोड़ दो, उसे कहीं नहीं जाना। इस पर गौरव पर शक हो गया। एसएचओ ने बताया कि इसके बाद उन्होंने जैतपुर थाने में फोन कर डीसीपी साउथ का नंबर मांग कर कॉल किया। जैतपुर थाना एसएचओ ने जानकारी दी कि साउथ डीसीपी सुरेंद्र चौधरी की रिटायरमेंट काफी समय पहले हो चुकी थी। इसके बाद गौरव को थाने ले जाकर पूछताछ की गई तो उसने सारी बात बता दी। गौरव ने कहा कि वह झूठ बोल रहा था। रणवीर सिंह ने बताया कि गौरव शर्मा पर पहले से ही फरीदाबाद सेंट्रल थाने में एक महिला से छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीडन.का मामला दर्ज है। आरोपी ने पहले थाने में आकर लिखित माफीनामा दिया था, लेकिन महिला के दोबारा शिकायत देने के बाद पुलिस ने उसे फिर से बुलाया था। उस वक्त भी आईपीएस अधिकारी बनकर सेंट्रल थाने की महिला सेल की कॉन्स्टेबल को धमकाया था। रणवीर सिंह



ने बताया कि गौरव शर्मा नोएडा सेक्टर-62 के आर-टेक प्राइवेट कंपनी में बतौर सीनियर मैनेजर के पद कार्यरत है। वह करीब डेढ़ लाख रुपए की सैलरी लेता है। पकड़े जाने पर उसने कहा कि उससे गलती हो गई। गिड़गिड़ाने लगा कि उसे माफ कर दो, वह अपनी गलती स्वीकार करता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फर्जी अधिकारी बनकर सरकारी काम में बाधा डालने, धमकी देने और महिला से दुर्व्यवहार करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ये भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने इससे पहले कहीं और इसी तरह की हरकतें तो नहीं की।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उद्योगों के लिए है नायाब बजट : वीरभान शर्मा

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025.26 के लिए 2 लाख 5 हजार करोड़ का बजट पेश किया है। जिसमे उद्योग के लिए उनके पिटारे से बहुत कुछ निकला है जिससे उद्योग जगत में काफी खुश की लहर है। अगर फरीदाबाद उद्योग जगत की बात करे तो फरीदाबाद आईएमटी इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी के समक्ष 12 मांगे राखी गई थी जिसमें से लगभग 5 मांगों को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2025-26 के अपने पहले बजट में ही हरी झंडी दे दी है। फरीदाबाद आईएमटी इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रेसिडेंट वीरभान शर्मा ने कहा है कि उद्योग जगत को नायब साहब ने नायब तोहफ दिया है। उन्होंने कहा कि बीते 13 जनवरी को आयोजित सरकार इंडस्ट्रीज के साथ कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री राव नरबीर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा राज्य मंत्री राजेश नागर के समक्ष यही 12 मांगे रखी गई थी। इन 12 में से मांगों को बजट में मंजूर किया गया है जिसमें नान कांफ्रमिंग इंडस्ट्रीयल एरिया में चल रही इन्डस्ट्रीज को कन्फर्म करना, एमएसएमई को सीएक्यूएम नियमों के तहत आने वाले जनरेटर, ड्यूल फ्यूल एवं रेटरो फिटिंग की परचेज पर



सबसिडी, वर्कर्स अफोर्डेबल हाउसिंग, 5 एकड़ तक के फैक्ट्री नक्शे एवं लाइसेंस की मंजूरी चंडीगढ़ की बजाये जिला स्तर पर करना, एच एस वी पी एन द्वारा एच एस आई आई डी सी को हस्तांतरित प्लॉटस पर वर्षों पहले से चल रहे, उद्योगों पर लटकी प्रोजेक्ट कम्प्लीसन की तलवार से एच एस वी पी एन के नियमों के अनुसार निपटान शामिल था। फरीदाबाद आई एम टी इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान वीर भान शर्मा, जनरल सेक्रेटरी दीपक प्रसाद, मुख्य संरक्षक एच एल भूटानी, पूर्व प्रधान एम एल शर्मा, पूर्व प्रधान कृष्ण कौशिक, जी एस दहिया, हेमंत शर्मा, योगराज गुप्ता, एम के मेहतानी तथा रमेश अरोरा तथा सभी इन्डस्ट्रीज, मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी का इस घोषणा के लिए विशेष आभार प्रकट करती है। साथ ही उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा राज्य मंत्री राजेश नागर का तह दिल से शुक्रिया अदा करती है।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |



